mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-28 अंक-323 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

24 नवंबर 2024 रविवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित




सैयद मुश्ताक...

@ पेज 7



# बड़ा एडवेंचर ! यहां हवा में कर सकते हैं साइकिलिंग

● विशाखापत्तनम को मिलेगा भारत का सबसे लंबा ग्लास स्काईवॉक ब्रिज



विशाखापत्तनम (एजेंसी)। टूरिज्म एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें बढ़ावा देने के लिए नए-नए पैंतरे अपनाए जाते हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा टूरिस्ट्स अट्रैक्ट होकर उन जगहों पर घूमने आ सके। ऐसे में विशाखापत्तनम भारत का सबसे लंबा ब्रैकेट ग्लास स्काईवॉक ब्रिज बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। बताया जा रहा है, ये स्काईवॉक 50 मीटर तक फैला होगा, जहां से समुद्र और पहाड़ियों के शानदार नजारे देख सकेंगे। ये नजारे इतने खूबसूरत होंगे कि आप मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। विशाखापत्तनम में बनने वाले भारत के सबसे लंबे ब्रैकट ग्लास स्काईवॉक ब्रिज का ये प्रोजेक्ट लगभग 6 करोड़ में पूरा होने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने को इसका निर्माण इस साल नवंबर, 2024 को शुरू होने वाला है और जल्द ही निर्माण का कार्य पूरा किया जाएगा। अगर आप एडवेंचर के शौकीन हैं, तो हम यहां आना आपके लिए बेस्ट ऑप्शन होगा। बता दें, ग्लास स्काईवॉक ब्रिज कैलासगिरि में टाइटैनिक व्यू पॉइंट के पास स्थित होगा, जो विशाखापट्टनम के सबसे फेमस टूरिस्ट्स प्लेस में से एक है। बता दें, ये प्लेस अपने लुभावने दृश्यों और हरी-भरी हरियाली के लिए जाना जाता है। ग्लास स्काईवॉक ब्रिज का निर्माण पूरी सेफ्टी और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ किया जाएगा। इंजीनियर्स की टीम इस प्रोजेक्ट पर दिन- रात काम कर रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ग्लास स्काईवॉक ब्रिज में एक साथ 40 लोगों के रहने की क्षमता होगी। यानी एक समय में इस कांच के पुल पर 40 लोग आराम से चल सकते हैं। वहीं सुरक्षा कारणों से उन बच्चों को ब्रिज पर

## संक्षिप्त समाचार

### खतरे में उद्धव ठाकरे का अस्तित्व, 20 सीटों पर ही सिमटी

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव रिजल्ट चौंकाने वाले रहे। महायुति ने प्रचंड जीत हासिल कर सबको चौंका दिया। बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी की अगुवाई वाली महायुति को बहुमत मिल गया है। ऐसे में इस महाराष्ट्र विधानसभा





चुनाव में उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका लगा है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना महज 20 सीटों पर सिमट कर रह गई है। वहीं एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 60 सीटों पर लीड ली है। नतीजों से साफ है कि महाराष्ट्र की जनता ने उद्धव ठाकरे ककी शिवसेना को नकार दिया है।

### विश्व स्तर पर छा गई मोदी की कूटनीति

● 31 वैश्विक नेताओं के साथ की द्विपक्षीय बैठक

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान 31 वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। पीएम मोदी अपनी यात्रा के शुरुआती चरण में नाइजीरिया पहुंचे, जहां




पर उन्होंने वहां के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लिया था। इसके बाद पीएम जी20 समारोह में शामिल होने के लिए ब्राजील पहुंचे। ब्राजील में पीएम मोदी की 10 वैश्विक नेताओं से द्विपक्षीय बातचीत हुई। इसके बाद गुयाना में भी पीएम ने नौ देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय मुलाकात की।

### अडाणी मामले से आंध्र बदनाम हुआ, हम जल्द ऐक्शन लेंगे

अमरावती (एजेंसी)। भाजपा की सहयोगी पार्टी तेलगु देशम पार्टी के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अडाणी रिश्वत मामले पर प्रतिक्रिया दी है। नायडू ने विधानसभा में कहा कि अडाणी रिश्वत मामले से आंध्र प्रदेश बदनाम हुआ है। उन्होंने कहा कि अडाणी रिश्वत मामले की चार्जशीट हमारे पास पहुंची है। हम जल्द एक्शन लेंगे। सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। सरकार को लोगों के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। ऐसे अपराध तब तक दोहराए जाएंगे, जब तक ऐसे काम करने वालों को न्याय के कटघरे में नहीं लाया जाता। दरअसल, उद्योगपति गौतम अडाणी पर गुरुवार को अमेरिका में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए रिश्वत देने और धोखाधड़ी करने के आरोप लगे हैं। न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में यह केस दर्ज हुआ था।



# महाराष्ट्र में लौटकर आ ही गया समंदर !

● शरद पवार तक जो नहीं कर पाए वो देवेन्द्र फणडवीस ने कर दिखाया ● महायुति की प्रचंड जीत, एनडीए गठबंधन ने फेल किए सारे समीकरण



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों के रुझान आ गए हैं। महायुति गठबंधन 200 से ज्यादा सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। राज्य में भाजपा गठबंधन की सरकार बनना तय है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी (रूढ्ढ) 50 से ज्यादा सीटों पर आगे है। मुख्यमंत्री सीएम शिंदे और देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि तीनों पार्टी मिलकर तय करेंगी कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। इससे पहले फडणवीस ने सोशल मीडिया पर लिखा था- एक हैं तो सेफ हैं। महायुति में बीजेपी, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल है, जबकि महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) है। महाराष्ट्र में बीजेपी के महायुति गठबंधन को महा जीत मिलती दिख रही है। चुनावी नतीजों के रुझानों में बीजेपी गठबंधन को 200 से काफी ज्यादा सीटें मिलती नजर आ रही हैं।

### करिश्माई साबित हुए फडणवीस

महाराष्ट्र के 64 सालों के सियासी इतिहास में वह महज दूसरे ऐसे नेता हैं जिन्होंने मुख्यमंत्री के तौर पर अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा किया। वसंतराम नाइक के बाद दूसरे नेता। ऐसा करिश्मा जिसे महाराष्ट्र की राजनीति का चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार भी कभी नहीं कर पाए जो 4 बार मुख्यमंत्री बने। 47 साल बाद महाराष्ट्र के किसी मुख्यमंत्री ने अपना पूरा कार्यकाल पूरा किया था। इतना ही नहीं, सूबे का दूसरा सबसे युवा मुख्यमंत्री। इस मामले में सिर्फ शरद पवार से पीछे। एक ऐसा नेता जिसने लगातार तीन बार बीजेपी की विधानसभा चुनाव में सेंचुरी लगवाई। संयोग देखिए कि करीब 5 दशक में पहली बार कार्यकाल पूरा करने वाला मुख्यमंत्री पार्टी के फैसले को खुशी-खुशी स्वीकार करते हुए डेप्युटी सीएम बन जाता है।

## झारखंड में हेमंत की जेएमएम गठबंधन का जलवा

● दर्ज की बंपर जीत, बीजेपी को 2019 से भी पीछे धकेला
● बच्चों के साथ शेयर की फोटो, पत्नी कल्पना भी चुनाव जीतीं



रांची (एजेंसी)। झारखंड विधानसभा चुनाव के रुझानों में हेमंत सोरेन की झामुमो का दोबारा सत्ता में आना तय हो गया है। 81 सीटों पर वोटों की गिनती के दौरान रुझानों में झामुमो गठबंधन ने 56 सीटों पर बढ़त बना ली है। यह आंकड़ा 41 के बहुमत से 15 सीट ज्यादा है। भाजपा गठबंधन 24 सीटों पर आगे चल रहा है। अन्य 1 सीट पर बढ़त बनाए हुए हैं। राज्य में 13 और 20 नवंबर को 81 सीटों पर मतदान हुआ था, 68त्न वोटिंग हुई। यह अब तक की सबसे ज्यादा वोटिंग प्रतिशत है। 2019 विधानसभा चुनाव में छ्वरूरू 30, कांग्रेस 16 और राजद ने एक सीट पर जीत दर्ज की थी। तीनों पार्टियों का गठबंधन था। तब मुख्यमंत्री छ्वरूरू नेता हेमंत सोरेन बने थे। ड्डछ्वक्कको 25 सीटें मिली थीं। सरायकेला से पूर्व सीएम चंपाई सोरेन चुनाव जीते। धनवार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी चुनाव जीत गए हैं। गांडेय से हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना जीतीं। तीनों सीटों पर रिजल्ट की आधिकारिक घोषणा बाकी है। हेमंत सरकार के 4 मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, बन्ना गुप्ता, हफिजुल हसन अंसारी, बेबी देवी और मिथिलेश ठाकुर पीछे चल रहे हैं।

## वायनाड में प्रियंका की बड़ी जीत, राहुल को पीछे छोड़ा

### एमपी में मंत्री हारे, यूपी की 9 सीट में 7 पर भाजपा का परचम



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के साथ 15 राज्यों की 46 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर काउंटिंग जारी है। वायनाड लोकसभा से प्रियंका गांधी 4 लाख से ज्यादा वोटों से आगे हैं। यहां छ्वक्रढ्ढ के सत्यन मोकेरी दूसरे और भाजपा की नव्या हरिदास तीसरे नंबर पर हैं। मध्य प्रदेश की विजयपुर सीट पर कांग्रेस से भाजपा में आए वन मंत्री रामनिवास रावत हार गए। बुधनी विधानसभा सीट पर भाजपा कैंडिडेट रमाकांत भार्गव 8 हजार से ज्यादा वोटों से आगे हैं। बुधनी सीट से शिवराज सिंह चौहान 5 बार विधायक रहे थे। उनके सांसद बनने पर यह सीट खाली हुई थी। वहीं, उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों में से भाजपा गठबंधन को 7 और सपा को 2 सीटों पर बढ़त है।

## प्रचार बन गया अभिशाप

### राहुल गांधी ने जहां की रैलियां वहां डूब गई अघाड़ी की नैया




नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के वोटों की गिनती जारी है और राज्य में महायुति गठबंधन बंपर जीत दर्ज करती हुई दिख रही है। जिसमें भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनने जा रही है। चुनाव आयोग के अनुसार अभी महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों में से 126 सीटों पर बीजेपी आगे चल रही है। वहीं महाविकास अघाड़ी की नैया डूबती हुई दिख रही है। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी के लिए खुद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बंपर रैलियां की थी। हालांकि उनकी रैलियों का असर रिजल्ट पर बिल्कुल उल्टा दिखाई दे रहा है।

## औंधे मुंह गिरी शरद पवार की पार्टी, नतीजों ने दिखाया आईना

### महाराष्ट्र चुनाव में अजित पवार की एनसीपी का दिखा जलवा

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को जारी मतगणना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति गठबंधन, महा विकास आघाडी (एमवीए) के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करता नजर आ रहा है। बीजेपी, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का महायुति गठबंधन महाराष्ट्र की 288 सीट में से 218 पर आगे है। यह सत्तारूढ़ गठबंधन के पक्ष में एक बड़ी लहर का संकेत है। वहीं कांग्रेस, एनसीपी-शरदचंद्र पवार और



शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे का महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन मात्र 50 सीट पर आगे है। इससे साफ है कि जनता ने महायुति पर भरपूर वोटों का प्यार लुटाया है। दरअसल महाराष्ट्र चुनाव में इस बार असली और नकली की लड़ाई भी खूब चली। शिवसेना के बंटवारे के बाद एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी में जमकर लड़ाई हुई। वहीं एनसीपी में भी दो भाग हुए। इसमें अजित पवार की एनसीपी और शरद पवार की एनसीपी एसपी का मुद्दा छाया रहा।

## पुतिन ने यूक्रेन पर चलाया नया ब्रह्मास्त्र तो खौफ में नाटो देश

● बुलाई आपात बैठक, तीसरे विश्वयुद्ध की ओर बढ़ रही दुनिया!





मास्को (एजेंसी)। रूस के यूक्रेन पर अपनी नई हाइपरसोनिक मिसाइल ओरेशनिक दागने के बाद से पूरे नाटो देशों में दहशत का माहौल है। अमेरिका से लेकर ब्रिटेन तक नाटो देश घबराए हुए हैं और इस महासंकट से निपटने के लिए आपात बैठक बुलाई है। रूस की यह मिसाइल मात्र कुछ ही मिनट में यूक्रेन के दनिप्रो शहर पहुंच गई और उसने यूक्रेन सैन्?य ठिकाने को तबाह कर दिया। यूक्रेन की सेना पश्चिमी देशों के दिए एयर डिफेंस सिस्?टम के बाद भी इस हमले को रोकने में नाकाम रही। गुरुवार को दागी गई रूस की इस मिसाइल के वीडि?यो सोशल मीडिया में वायरल हैं। इस बीच ब्रिटेन समेत नाटो देशों ने रूसी हमले पर चर्चा करने के लिए आपात बैठक बुलाई है। रूस की इस मिसाइल से परमाणु हमला भी किया जा सकता है। नाटो की यह बैठक ऐसे समय पर होने जा रही है जब पुतिन ने ऐलान किया है कि वह आने वाले दिनों में यूक्रेन पर और ज्?यादा हाइपरसोनिक मिसाइलों की बारिश करने जा रहे हैं। इससे पहले यूक्रेन की सेना ने अमेरिका और ब्रिटेन के मंजूरी देने के बाद लंबी दूरी की मिसाइलों की मदद से रूस के सैन्?य ठिकानों पर हमला बोला था। इसके जवाब में रूस ने पहली बार अपनी इस नई हाइपरसोनिक मिसाइल से सफल हमला करके नाटो देशों को कड़ा संदेश भेजा है।

## बीजेपी की आंधी में कांग्रेस नहीं बचा पाई नेता विपक्ष की कुर्सी

### महाराष्ट्र में करारी हार से टूटा सरकार बनाने का सपना



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में बीजेपी के अगुवाई वाले महायुति की प्रचंड जीत में कांग्रेस को गुजरात वाली चोट मिली है। 2022 के गुजरात विधानसभा चुनावों कांग्रेस सिर्फ 17 सीटें जीत पाई थी। इसके बाद राज्य की सत्ता में 25 साल से बाहर कांग्रेस के हाथों से नेता विपक्ष का पद भी चला गया था। महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों में भी कुछ ऐसी स्थिति उभरी है। विपक्ष गठबंधन महाविकास आघाड़ी (एमवीए) को कोई भी घटक जरूरी 29 सीटों के आसपास पहुंचता नहीं दिख रहा है।

## अबकी कंप्यूटर पर हो सकती है नीट की परीक्षा

● तैयार हो रहा है खाका, पेपर डिजटली भेजने का भी सुझाव

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी इस बार कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (ष्टक्चञ्ज) मोड में हो सकती है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की इस बारे में स्वास्थ्य मंत्रालय और नैशनल टेस्टिंग एजेंसी के साथ सीबीटी मोड को लेकर बातचीत चल रही है। पूरी संभावना है कि इस परीक्षा का पैटर्न बदल जाए। 2024 में नीट यूजी एग्जाम में गड़बड़ी की शिकायतों के बाद एक हाई पावर कमिटी बनाई थी। कमिटी की सिफारिशों के आधार पर मंत्रालय ने कंपीटिटिव एग्जाम में बदलाव का खाका तैयार करने की तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र



प्रधान के निर्देश के मुताबिक, शिक्षा मंत्रालय हाई पावर कमिटी की हर सिफारिश पर गौर कर रहा है। संभावित बदलावों का खाका तैयार किया जा रहा है। हाई पावर कमिटी ने एक हाइब्रिड मॉडल का भी सुझाव दिया है। जिसके तहत क्वेश्चन पेपर को परीक्षा केंद्रों पर डिजिटल रूप से भेजा जाएगा और छात्र अपने जवाब ओएमआर शीट पर देंगे। इससे क्वेश्चन पेपर लीक होने की संभावना को पूरी तरह से खत्म किया जा सकेगा। नीट का आयोजन भी एनटीए ही करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना के संचालन में जन-प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश के नगरों में संचालित जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना के सफल संचालन में स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके लिये जनप्रतिनिधियों का जागरूक होना बहुत जरूरी है। यह जानकारी आज भोपाल में मध्यप्रदेश अर्बन डेव्हलपमेंट कम्पनी (एमपीयूडीसी) की कार्यशाला में दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना वर्ल्ड बैंक और एशियन डेव्हलपमेंट बैंक के सहयोग से तैयार की गई है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर अपर आयुक्त और कम्पनी के अतिरिक्त प्रबंध संचालक श्री के.एल. मीणा ने कहा कि परियोजना के संचालन और संधारण में जो भी दिक्कते आएंगी। कम्पनी जन-प्रतिनिधियों से निरंतर संवाद कर उसे दूर करने का प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि एमपीयूडीसी द्वारा जिन जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना का निर्माण किया गया है, वह विश्वस्तरीय है। इनके संचालन की प्रति सप्ताह उच्च स्तर पर समीक्षा की जा रही है। कार्यशाला में सागर की महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने विचार रखे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के सफल संचालन के लिये शिकायत निवारण कक्ष एवं उपभोक्ता सेवा केन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस व्यवस्था को मजबूत रखना जरूरी है। कार्यशाला में प्रमुख अभियंता श्री आनंद सिंह ने परियोजना के तकनीकी पक्ष के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परियोजना के संचालन के दौरान स्वच्छता के बिन्दु पर विशेष ध्यान दिया जाना होगा। कार्यशाला में समन्वयक श्री राघवेन्द्र सिंह ने प्रेजेन्टेशन दिया। कार्यशाला में उपस्थित स्थानीय निकाय के जन-प्रतिनिधियों को बुधनी मल-जल शोधन संयंत्र का दौरा भी कराया गया।

### उच्च शिक्षा मंत्री ने की नवीन अशासकीय महाविद्यालय मार्गदर्शिका की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने शुक्रवार को मंत्रालय में उच्च शिक्षा अन्तर्गत नवीन अशासकीय महाविद्यालय मार्गदर्शिका की समीक्षा की। श्री परमार ने मार्गदर्शिका में निहित पूर्व प्रावधानों के विभिन्न बिंदुओं पर समग्र विमर्श कर, विविध संशोधन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि अशासकीय महाविद्यालय संबद्धता संबंधी प्रबंधन को, विद्यार्थियों के हितों के अनुरूप एवं पारदर्शितापूर्ण बनाएं। श्री परमार ने कहा कि महाविद्यालयों के अकादमिक एवं शैक्षणिक स्तर में उत्तरोत्तर गुणवत्ता वृद्धि के लिए आवश्यक क्रियान्वयन करें। बैठक में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, आयुक्त उच्च शिक्षा श्री निशांत वरवड़े एवं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (संबद्धता) डॉ. सुनील सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रदेश में व्हाइट टॉपिंग तकनीक से सड़कों की गुणवत्ता में होगा सुधार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश में सड़कों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और यातायात को सुगम बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विशेष ध्यान दे रहा है। विभाग ने सड़क निर्माण की अत्याधुनिक व्हाइट टॉपिंग तकनीक को अपनाने का निर्णय लिया है। इस दिशा में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 21 जिलों में चयनित 41 मार्गों पर इस तकनीक को लागू किया जाएगा। इन मार्गों की कुल लंबाई 109.31 किलोमीटर है। योजना को नवंबर के अंत तक शुरू करने की तैयारी है, और इसे अगले 4 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वाइट टॉपिंग सड़क निर्माण की एक आधुनिक तकनीक है, जिसमें पुरानी डामर सड़कों पर कंक्रीट की मोटी परत चढ़ाई जाती है। यह प्रक्रिया सड़कों को न केवल मजबूत और टिकाऊ बनाती है, बल्कि उनकी आयु 20 से 25 वर्षों तक बढ़ा देती है। इस तकनीक में सबसे पहले डामर सड़क की सतह को साफ किया जाता है, फिर 6 से 8 इंच मोटी कंक्रीट की परत डाली जाती है, जो भारी यातायात और खराब मौसम का सामना करने में सक्षम होती है। इस तकनीक का सबसे बड़ा लाभ इसकी टिकाऊपन है। वाइट टॉपिंग के कारण सड़कों को लंबे समय तक गड्ढामुक्त रखा जा सकता है, जिससे यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होती है। साथ ही, यह पर्यावरण के अनुकूल भी है क्योंकि कंक्रीट की सतह डामर की तुलना में ठंडी रहती है। इसके अलावा, रख-रखाव की लागत में भी काफी कमी आती है।इस परियोजना के तहत सबसे अधिक 14 मार्गों पर कार्य भोपाल में किया जाएगा। अन्य जिलों में इंदौर में 3 मार्ग, ग्वालियर में 3 मार्ग, बुरहानपुर में 2 मार्ग, मंदसौर में 2 मार्ग, सागर में 2 मार्ग, आगर मालवा, उमरिया, खंडवा, गुना, छतरपुर, देवास, नर्मदापुरम, नीमच, बैतूल, मुरैना, रतलाम, रायसेन, रीवा, सतना और हरदा में 1-1 मार्ग पर वाइट टॉपिंग तकनीक लागू की जाएगी। विभाग ने इस कार्य को अगले 4 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस पहल से सड़कों की गुणवत्ता में सुधार होगा और यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी। इसके साथ ही यह परियोजना सड़कों को अधिक टिकाऊ और लंबे समय तक गड्ढामुक्त बनाए रखने में सहायक होगी।

# भारतीय रसोई, भारतीय समाज के कुशल एवं श्रेष्ठ प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण-उच्च शिक्षा मंत्री परमार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भारत की गृहणियों की रसोई में कोई तराजू नहीं होता है, गृहिणियों को भोजन निर्माण के लिए किसी संस्थान में अध्ययन करने की आवश्यकता नहीं होती है। भारतीय गृहिणियों में रसोई प्रबंधन का उत्कृष्ट कौशल, नैसर्गिक एवं पारम्परिक रूप से विद्यमान है। भारत की रसोई, विश्वमंच पर प्रबंधन का उत्कृष्ट आदर्श एवं श्रेष्ठ उदाहरण है। भारतीय समाज में ऐसे असंख्य संदर्भ, परम्परा के रूप में प्रचलन में हैं। हमारे समाज में विद्यमान ज्ञान पर, गर्व के भाव के साथ अध्ययन, शोध एवं अनुसंधान करने की आवश्यकता है।




यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने शुक्रवार को भोपाल स्थित मप्र भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के सभागृह में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में आयोजित भारत के लिए भारत का सामाजिक विज्ञान विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के शुभारम्भ अवसर पर कही। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक विषय पर चर्चा करने का अवसर प्राप्त होना, मेरे लिए सौभाग्य है। श्री परमार ने कहा कि भारत, सृष्टि के सृजन से ही पृथ्वी पर विद्यमान है। अंग्रेजों की पराधीनता के दौरान, अंग्रेजी सत्ता ने हमारी शिक्षा पद्धति को नष्ट कर, हमारे ज्ञान को हीन दिखाने का कुत्सित प्रयास किया। अंग्रेजी पराधीनता के पूर्व के कालखंडों में भी विदेशी आक्रांताओं ने भारतीय चिंतन और दर्शन को नष्ट कर, भ्रांतियों को स्थापित करने का कुत्सित प्रायोजन किया। श्री परमार ने कहा कि विदेशी यह नहीं जानते हैं कि विज्ञान, परम्परा के रूप में भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान है। यही हमारे भारत के समाज का विज्ञान है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि कृतज्ञता का भाव, भारत की सभ्यता एवं विरासत है। किसी के कार्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करना, कृतज्ञता भाव रूपी भारतीय दर्शन का उत्कृष्ट उदाहरण है। श्री परमार ने पेड़ों, नदियों, जलाशयों, सूर्य आदि प्राकृतिक ऊर्जा स्त्रोतों के पूजन एवं उपासना की पद्धति भारतीय समाज में परंपरागत रूप से विद्यमान है। यह परंपरा प्रकृति सहित समस्त ऊर्जा स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए, उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का भाव है। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में क्रियान्वयन के लिए, शिक्षा को भारतीय ज्ञान परम्परा से समृद्ध करने की आवश्यकता है।

भारतीय शिक्षा में समाज शास्त्र को, भारतीय दृष्टिकोण के साथ सही परिप्रेक्ष्य में समझने एवं प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। इसके लिए तपस्वी के रूप में हम सभी को सहभागिता और परिश्रम करने की आवश्यकता है।

## सुविधाओं की बेहतरी के साथ जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की प्राथमिकता-तोमर



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जन सुविधाओं की बेहतरी के साथ जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इसी भाव के साथ पिछड़ी बस्तियों में सरकार द्वारा बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। यह बात ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मेवाती मोहल्ले में सीसी रोड का भूमि-पूजन करते हुए कही। उपनगर ग्वालियर में वार्ड-4 के अंतर्गत मेवाती मोहल्ले में 12 लाख 12 हजार रूपये से अधिक लागत से इस सीसी रोड़ का निर्माण होने जा रहा है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि उपनगर ग्वालियर के प्रत्येक वार्ड में तेजी से विकास कार्य मूर्तरूप ले रहे हैं। स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे कार्यों के अलावा उपनगर ग्वालियर में एलिवेटेड रोड व अंतर्राज्यीय बस अड्डा जैसे बड़े-बड़े कार्य धरातल पर आ रहे हैं। वार्डों की जरूरत के हिसाब से प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने भूमि-पूजन के पश्चात क्षेत्र का भ्रमण किया। क्षेत्र में खराब सीवर लाइन के सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## मध्यप्रदेश के उत्पादों की धूम-लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना मध्यप्रदेश मंडप

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला प्रगति मैदान दिल्ली में मध्यप्रदेश मण्डप में शासकीय विभागों/निगम मण्डलों, स्वसहायता समूहों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों, स्टार्टअप तथा हस्तशिल्पियों द्वारा भाग लिया गया है। मण्डप में डिण्डोरी के गोंड आर्ट, छपरपूर के टेराकोटा एवं बैतूल के बेलमेटल शिल्प का सजीव प्रदर्शन किया जा रहा है। इस सजीव प्रदर्शन में दर्शक काफी रूचि ले रहे हैं। इस वर्ष भी यह मण्डप लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ हैं।

इस मण्डप में ही उन्हे मध्यप्रदेश के पर्यटन का आनन्द जैसा भी हो रहा है। मंडप में मध्यप्रदेश के जी.आई. उत्पादों को गैलरी में आकर्षक रूप से प्रदर्शित किया गया है। जिनमें से कई उत्पादों के विक्रय स्टॉल भी लगाये गये हैं। दर्शक रतलाम के नमकीन, मुरैना की गजक, बाग प्रिन्ट एवं उज्जैन के बटिक प्रिन्ट के वस्त्र, चन्देरी एवं महेश्वरी साड़ियां की खरीद कर लूत्फ उठा रहे हैं। इस वर्ष मेले का यह 43वॉं संस्करण है। इस मेले में विभिन्न राज्य, केन्द्र शासित प्रदेश, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के अलावा विभिन्न राष्ट्रों द्वारा भाग लिया जाता है। आम नागरिकों के लाभ के लिए राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करने तथा व्यापार, उद्योग एवं सेवाओं को बढावा देने का यह मेला एक मंच है। मेले से स्वदेशी वस्तुओं के निर्यात, अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन, निवेश को बढ़ावा मिलेगा, जिससे अर्थव्यवस्था और अधिक विकसित होगी। इससे हमारा देश वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल कर लेगा। मध्यप्रदेश मण्डप में मेले की थीम के अनुरूप प्राचीन सांस्कृतिक एवं कलात्मक धरोहर के साथ तेजी से बढते एवं विकसित होते मध्यप्रदेश के स्वरूप को प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुरूप एक जनवरी 2025 से प्रारम्भ होने वाले विकास के चार मिशन-युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब कल्याण एवं किसान कल्याण को दर्शाया गया है। मेले में लोग म.प्र. के विभिन्न जी.आई. उत्पादों एवं अन्य उत्पादों की खुल कर खरीदी कर रहे हैं।

## संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश में चलेगा अभियान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** देश में 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के बाद तैयार किया गया संविधान 26 नवम्बर 1949 को अपनाया गया था। इसके बाद देश में 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था।

संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान की जानकारी के प्रति जन-जागरूकता के लिये 26 नवम्बर 2024 से वर्ष भर चलने वाला हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में संसदीय कार्य विभाग ने शासन के समस्त विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और कलेक्टर्स को पत्र जारी कर निर्देश जारी किये हैं। अभियान के दौरान जन-सामान्य को संविधान की प्रस्तावना, संविधान का निर्माण और देश के संविधान पर गर्व करने जैसे बिन्दुओं पर मुख्य रूप से जानकारी दी जायेगी। इसी दौरान जन-समुदाय के बीच में संविधान पर केन्द्रित कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। वर्ष भर की गतिविधियों को एक डिजिटल प्लेटफार्म पर लाने के लिये वेबसाइट भी तैयार की गई है। वेबसाइट में गतिविधियों की तस्वीरें और वीडियो अपलोड किये जा सकेंगे। इस अभियान में युवाओं और स्कूल के बच्चों को अधिक से अधिक जोड़ने के लिये एक अन्य वेबसाइट पर संविधान विषय पर निबंध, प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता की तस्वीरें साझा की जा सकती हैं।

संविधान के स्थापना दिवस 26 नवम्बर 2024 को मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रमों में जन-प्रतिनिधि नागरिकों के बीच संविधान की प्रस्तावना को पढ़ेंगे। इसी दिन प्रदेश भर की ग्राम पंचायतों में भी सामुहिक रूप से संविधान प्रस्तावना का वाचन किया जायेगा।

ग्राम पंचायतों को बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के योगदान का प्रचार करने के लिये मायभारत स्वयं सेवकों के माध्यम से संविधान स्वाभिमान यात्राएं आयोजित किये जाने के लिये भी कहा गया है। यह यात्राएं अनुसूचित जाति -अनुसूचित जनजाति घनत्व वाली आबादी में विशेष रूप से हो। यात्रा के दौरान बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी। ग्राम सभाओं में संविधान के अनुच्छेद-51(ए) में नागरिकों के मौलिक कर्त्तव्यों को पढ़कर सुनाया जायेगा।

### फ्लोरीकल्चर अपनाकर किसान भाई बने आत्मनिर्भर - मंत्री श्री कुशवाह

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि फ्लोरीकल्चर के माध्यम से किसान भाई अच्छा लाभ कमा सकते हैं। गत 4 वर्षों में मध्यप्रदेश में फूलों के उत्पादन क्षेत्र में 5 हजार हैक्टेयर की वृद्धि हुई है। इसके परिणाम स्वरूप प्रदेश के किसानों द्वारा 4 लाख 71 हजार मीट्रिक टन से अधिक फूलों का उत्पादन किया गया है जो एक रिकॉर्ड है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश में छोटे किसान जिनके पास एक या आधा हैक्टेयर भूमि है, वे भी फूलों के उत्पादन से अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। फूलों की खेती कम समय में तैयार हो जाती है और यह केशक्रोप होती है। इससे कृषकों को फसल का तुरंत नगद भुगतान प्राप्त हो जाता है। मध्यप्रदेश के फूलों की नई दिल्ली, मुम्बई, नागपुर, अहमदाबाद, जयपुर जैसे महानगरों में अच्छी मांग है।

### रातापानी वन्य-जीव अभयारण्य के 16 किलोमीटर क्षेत्र का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** रातापानी वन्य-जीव अभयारण्य में विचरण करने वाले वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। भोपाल-इटारसी रेलवे ट्रैक पर वन्य जीवों की सुरक्षा के लिये वन विभाग, इको-टूरिज्म और रेलवे के अधिकारी-कर्मचारियों ने संयुक्त भ्रमण किया। भ्रमण में 16 किलोमीटर क्षेत्र के भोपाल-इटारसी ट्रैक पर रेल शमन उपायों, ट्रेन की गति, कचरा निपटान और बाड़ लगाने जैसे अन्य कार्यों का अवलोकन किया। भ्रमण में प्रधान मुख्य वन संरक्षक मध्यप्रदेश ईको-टूरिज्म डेव्हलपमेंट बोर्ड श्रीमती समीता राजौरा, मुख्य वन संरक्षक भोपाल श्री रवि खरे और रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करती है व्यवसायिक शिक्षा



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** समग्र शिक्षा अभियान (सेकेण्ड्री एजुकेशन) द्वारा स्टार्स परियोजना में राज्य स्तरीय कौशल प्रदर्शनी में जबलपुर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की कक्षा 11वीं के विद्यार्थी संस्कार लोधी के व्यवसायिक मॉडल ''इमरजेंसी अलर्ट ट्रैकिंग डिवाइस'' को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। स्टार्स परियोजना के तहत राज्य स्तरीय प्रथम पुरूस्कार में संस्कार को 25 हज़ार रूपये की धनराशि, प्रमाण-पत्र एवं एक्सपोजर विजिट का उपहार प्राप्त हुआ। भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ आज आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता और संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने किया। विद्यार्थियों के द्वारा प्रदर्शित व्यवसायिक कौशल मॉडल्स के अवलोकन के दौरान आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने कहा कि व्यवसायिक शिक्षा स्वाबलंबन का मार्ग प्रशस्त करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को वैश्विक नेतृत्व के लिए तैयार करने के प्रयास निरन्तर किए जा रहे हैं। स्टार्स परियोजना में व्यवसायिक शिक्षा और आज की प्रदर्शनी आयोजन इसी कड़ी का हिस्सा है। प्रदर्शनी में 15 हज़ार रूपये का द्वितीय पुरूस्कार सागर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, केसली की कक्षा 12वीं के विद्यार्थी सम्यक जैन को मिला। सम्यक ने लाइफ रेस्क्यू बोट का व्यवसायिक मॉडल प्रदर्शित किया था। वहीं तृतीय स्थान पर दमोह के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की कक्षा 11वीं के छात्र हर्ष अग्रवाल रहे। तृतीय पुरस्कार के रूप में हर्ष को भविष्य के इलेक्ट्रिकल वाहन मॉडल के लिए 10 हज़ार रूपये की पुरस्कार राशि प्राप्त हुई। प्रदर्शनी में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर चतुर्थ स्थान पर शासकीय उ.मा. विद्यालय, छतरपुर के राहुल विश्वकर्मा को 7 हजार रूपये, पाँचवे स्थान पर शासकीय उ.मा. विद्यालय, हिनोता, दमोह के चंद्रपाल पटेल को 5 हजार रूपये पुरस्कार के रूप में दिये गये। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार पीएमश्री शा.उ.मा. विद्यालय, मोहगांव, जबलपुर के आयुष गुप्ता, शासकीय उ.मा. विद्यालय, चारेगांव, बालाघाट वैभव रहंगडाले, शासकीय उ.मा. विद्यालय, धुरवार, शहडोल के ध्रुव यादव, शासकीय सीएम राइज़ विद्यालय, घनसौर, सिवनी के अरमान यादव और शासकीय सीएम राइज़ विद्यालय, उदयपुरा, रायसेन के विद्यार्थी देवराज रघुवंशी को दिया गया।

## भू-दृश्य बहाली पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम -मंत्री श्री पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि भू-दृश्य बहाली पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । यदि इसे व्यापक रूप से अपनाया जाए, तो यह न केवल पर्यावरणीय संतुलन बहाल करेगा बल्कि सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगा। यह पर्यावरण संरक्षण तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह स्थानीय समुदायों के लिए आर्थिक विकास के अवसर भी पैदा करती है। इससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है, जल संसाधनों का संरक्षण होता है और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलते हैं। मंत्री श्री पटेल ने शुक्रवार को निवास कार्यालय में मध्यप्रदेश में भू-दृश्य बहाली का विस्तार विषय पर बैठक में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से जल, जंगल और जमीन संरक्षण के कार्य को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन संरक्षण मानव अस्तित्व के लिये आवश्यक है। हम संरक्षण कार्य को आजीविका के साथ जोड़कर दूरगामी परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने जमीन संरक्षण के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि कृषकों को जैविक उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया जाए, साथ ही उनके उत्पादों के विपणन के लिये समुचित व्यवस्था की जाए, जिससे कृषकों को निश्चित आय हो सके। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जिन जिलों में भू-दृश्य बहाली के लिये कार्य किये गये है, उनकी विस्तृत इंपैक्ट रिपोर्ट तैयार की जायें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बदलते भू-दृश्य पर हमें कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के कुछ जिलों का चयन किया गया है, आगामी समय में सभी जिलों में यह कार्य किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि सीधी और बड़वानी जिले में भूदृश्य बहाली के लिए कई कार्य किये गये हैं। प्रदेश में वर्तमान मे 10 जिलों में इस परियोजना का विस्तार किया जा रहा है। भू-दृश्य बहाली (लैंडस्केप रिस्टोरेशन) आज के समय में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण विषय है। जलवायु परिवर्तन, भूमि क्षरण और जैव विविधता की कमी जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए विश्व में इस दिशा में कई प्रयास हो रहे हैं। भू-दृश्य बहाली का उद्देश्य क्षतिग्रस्त और परित्यक्त क्षेत्रों को उनके प्राकृतिक स्वरूप में पुन: स्थापित करना है।

# जिला अस्पताल को ब्लड बैंक का इंतजार

## सीएमएचओ बोले- हम कर रहे हैं प्रयास, केंद्र से मंजूरी बाकी



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले के जिला अस्पताल में अब तक ब्लड बैंक की स्थापना नहीं हो पाई है। जिसके चलते भर्ती मरीजों को कई बार दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जिला अस्पताल से विंध्यनगर में स्थित एनटीपीसी के अस्पताल जाकर ब्लड लाना पड़ता है।

शनिवार को इस मामले पर बात करते हुए जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एनके जैन ने बताया कि हम प्रयास कर रहे हैं कि जल्दी से जल्दी जिला अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना हो जाए। जैन ने बताया कि हमने अस्पताल के पहले फ्लोर पर जहां हमारी लैब संचालित है। वहां पर ब्लड बैंक खोलने का प्रस्ताव भेजा है। अब केंद्र सरकार से मंजूरी मिलना शेष है।

सिंगरौली का जिला अस्पताल 200 बिस्तरों की स्वीकृति के साथ 16 साल से संचालित है। 24 मई 2008 को सीधी से अलग होकर सिंगरौली जिला अस्तित्व में आया था। तब से लेकर अब तक जिला अस्पताल में ब्लड बैंक स्थापित करने के सिर्फ प्रयास ही चल रहे हैं।

**कर रहे अतिरिक्त खर्च:** जिला अस्पताल में पदस्थ लैब प्रभारी डॉक्टर प्रत्यांशु झा ने बताया कि जिला अस्पताल में हर महीने 200 यूनिट ब्लड की लगभग जरूरत होती है। जिसके लिए अस्पताल में भर्ती मरीज विंध्यनगर स्थित रेड क्रॉस के ब्लड बैंक से ब्लड लाते हैं। जहां पर मरीज को प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर 980 रुपए प्रति यूनिट ब्लड का चार्ज भी देना पड़ता है। अगर ब्लड बैंक जिला अस्पताल में स्थापित हो जाएगा, तो लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# अवैध कबाड़ सहित कबाड़ी गिरफ्तार

## बैढ़न थाना पुलिस ने की कार्रवाई, दो लाख से ज्यादा का माल जब्त



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले की बैढ़न थाना पुलिस ने अवैध कबाड़ का परिवहन करते एक ट्रक को जब्त किया है। साथ ही कबाड़ का व्यापार करने वाले व्यापारी को भी गिरफ्तार किया है।


बैढन थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार ने बताया कि शनिवार को इस बात की सूचना मिली थी कि ट्रक क्रमांक एमपी 53जेंडबी 1993 अवैध कबाड़ लोड कर माजन चौराहे की तरफ जा रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस स्टाफ को माजन चौक पर लगाया गया।

जहां पर उक्त ट्रक नंबर गुजरा जिसे रोक कर उसकी तलाशी ली गई तो उस में 6580 किलोग्राम स्क्रैप बरामद हुआ, जिसकी बाजार में कीमत 2 लाख रुपए से ज्यादा है। आरोपी ने ट्रक में जो दस्तावेज दिखाएं वह भी पूरी तरह से फर्जी थे।

आरोपी भानु प्रताप सिंह जो माजन खुर्द इलाके का रहने वाला है। वह लंबे समय से कोयला, कबाड़ और डीजल का अवैध कारोबार करता आ रहा है। जिसे शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

# 5 साल का मासूम साड़ी के फंदे में फंसा

## सांस रुकने पर मां ने सीपीआर देकर बचाई जान, कहा-इसका मतलब भी नहीं पता



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** अनूपपुर में खेलते समय एक 5 साल का बच्चा साड़ी के फंदे में फंस गया, जिससे उसकी सांसें रुक गई। उसके मुंह से झाग और मोशन निकल चुका था। सभी ने उसे मृत मान लिया था। हालांकि बच्चे की मां ने तुरंत उसे सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) देना शुरू किया। उसे अस्पताल पहुंचने तक मुंह से सांस देकर जिंदा रखा। बच्चा अब खतरे से बाहर है। उसका शहडोल मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

घटना 22 नवंबर की अनूपपुर जिले के संजयनगर कॉलोनी की है। मंगल कुशवाहा का सबसे छोटा बेटा शिवांश घर के आंगन में खेल रहा था। पास ही मां की साड़ी सूख रही थी। उसी समय मां पिंकी बच्चे को खेलता देख घर के अंदर खाना खाने चली गई। कुछ देर बाद जब वह बाहर निकली तो देखा कि बेटे के गले में साड़ी का फंदा लगा हुआ है। वह उसी के सहारे जमीन पर सिर लटका कर बैठा हुआ है। मां चिल्लाने लगी जिससे आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और शिवांश (बच्चे) को फंदे से निकालकर जमीन पर सुला दिया।

**मां बोली-कैसे हुआ मुझे पता नहीं:** मेडिकल कॉलेज में बच्चे के साथ खेल रही मां पिंकी का कहना है कि शिवांश की हालत देख मैं बहुत डर गई थी। मैं पागलों की तरह चीख रही थी। आंगन में इधर से उधर भागते हुए अपने बेटे के जीवन की भीख मांग रही थी। तभी आंगन में लगी तुलसी के पास खड़ें होकर रोते हुए एकाएक मैं वापस अपने बच्चे की तरफ दौड़ी और उसके मुंह से झाग हटाकर मैं उसे सांस देने लगी। उसका शरीर थोड़ा गर्म हुआ, हलचल हुई और वह एकाएक जोर-जोर से रोने लगा। जैसे ही मेरा बेटा रोने लगा वैसे ही मेरी जान में जान आई।

**'मैं तो सीपीआर का मतलब भी नहीं जानती':** शिवांश की मां का कहना है कि 'मैं तो सीपीआर का मतलब भी नहीं जानती, इसका पूरा क्या नाम है वह भी नहीं पता। बस मोबाइल में देखा था कि सांस नहीं आने पर लोग मुंह में मुंह लगाकर सांस देते हैं तो उसकी सांस लौट आती है। बस यही सोचकर मैंने भी किया और मेरे बेटे का जीवन बच गया।'

**पिता बोले- कोई करिश्मा हुआ है:** शिवांश के पिता मंगल कुशवाहा फुलकी चाट की दुकान है। उन्होंने बताया कि वह दुकान की तैयारी कर रहे थे, तभी घर में चीख-पुकार मच गई। घर में एकत्रित लोगों ने मेरे बेटे को मरा मान लिया था, लेकिन पत्नी ने जो साहस दिखाया वह किसी करिश्मे से कम नहीं। घटना के तुरंत बाद हम बेटे को कॉलरी के अस्पताल पहुंचे। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रात में मेडिकल आने के बाद उसका इलाज अच्छे से हुआ अब वह बिल्कुल सामान्य है।

**बच्चे को घटना के बारे में कुछ याद नहीं:** शिवांश स्कूल नहीं जाता, उसके दो बड़े भाई-बहन स्कूल जाते हैं। घटना के समय भी वो स्कूल में ही थे। इस साल शिवांश का दाखिला स्कूल में होना है। इसलिए वह घर में रहकर खेलता और पढ़ाई करता है। बच्चे का कहना है कि उसे घटना के बारे में कुछ याद नहीं। मां के पूछने पर वह सिर्फ इतना बताता है कि साड़ी को पकड़ कर गोल-गोल घूम रहा था, वह गले में कब फंस गई पता नहीं चला। उसके बाद कुछ याद नहीं।

**क्या होता है सीपीआर:** सीपीआर का फुल फॉर्म कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन है। यह एक तरह की प्राथमिक चिकित्सा यानी फर्स्ट एड है। जिससे आप किसी की जान बचा सकते हैं।

पुराने जमीनी विवाद को लेकर शख्स से हुई मारपीट

# लोहे की रॉड से किया हमला, गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के अंतर्गत कोतवाली थाना के ग्राम मढ़रिया में पुराने जमीनी विवाद को लेकर एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट की है। जिसमें शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल सीधी मे गंभीर हालत मे भर्ती करा दिया गया है।

दरअसल, सीधी जिले के मडरिया के वार्ड क्रमांक 7 में पुराने जमीन विवाद को लेकर परिवार के ही दो लोगों ने मिलकर पीछे से एक व्यक्ति के ऊपर हमला कर दिया। हमला लोहे की रॉड से किया गया है, जिसकी वजह से बिंदराज साकेत (पीड़ति) के सिर पर 8 टांके लगाए गए है।

**घायल बिंदराज साकेत ने बताया है कि:** "मैं अपने घर पर घरेलू कार्य कर रहा था। तभी पीछे से रामू और लाल बहादुर ने मेरे ऊपर पीछे से हमला कर दिया। उन्होंने लोहे के बड़े से रॉड से मेरे सिर के ऊपर मारा है, जिसकी वजह से मेरा सिर फट गया और काफी खून बहने लगा। मुझे बाइक से इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए है, जहां मेरा इलाज अभी चल रहा है।"

मामले को लेकर थाना प्रभारी कोतवाली अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि जमीनी विवाद के चलते मारपीट की घटना में मामला दर्ज कर लिया है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जिला न्यायालय में आयोजित होगा 02 दिवसीय आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने शिविर

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में 25 नवंबर एवं 26 नवंबर को आयुष्मान विभाग जिला चिकित्सालय के समन्वय से 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु जिला न्यायालय परिसर सीधी में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय ने अपील की है कि जिला सीधी में निवासरत सभी वृद्धजन उक्त शिविर में उपस्थित होकर योजना का लाभ ले सकते है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 को

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 में आयोजित नेशनल लोक अदालतों के क्रम मे वर्ष की चौथी एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 14 दिसंबर 2024 को जिला न्यायालय सीधी तथा व्यवहार न्यायालय चुरहट, मझौली व रामपुर नैकिन में किया जावेगा।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल, आपराधिक प्रकरण, चेक बाउंस के प्रकरण, धन राशि वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, वैवाहिक एवं पारिवारिक प्रकरणों, श्रम न्यायालयों में लंबित प्रकरणों, विद्युत अधिनियम से संबंधित प्रकरणों सिविल प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।

न्यायालय में लंबित प्रकरणों के अतिरिक्त प्रीलिटिगेशन प्रकरणों नगर पालिका से संबधित जलकर एवं संपतिकर बैकों के ऋण वसूली प्रकरण, विद्युत विभाग से प्रीलिटिगेशन प्रकरण का निराकरण भी नेशनल लोक अदालतों के माध्यम से किया जावेगा।

नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए संबंधित न्यायालय अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## उर्वरकों, बीज का सुचारू वितरण सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी रोकने संयुक्त दल गठित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर जिले में समस्त निजी एवं सहकारी उर्वरक विक्रय केंद्रों में किसानों को उचित मूल्य पर उर्वरकों/बीज का वितरण सुचारू रूप से किये जाने एवं कालाबाजारी रोकने के लिए कृषि, राजस्व एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों का संयुक्त दल गठित किया गया है।

जारी आदेशानुसार संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दल प्रभारी होंगे। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, तहसीलदार, उप आयुक्त सहकारिता, थाना प्रभारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सदस्य होंगे।

उपरोक्त गठित दल संबंधित क्षेत्र में मानिटरिंग एवं आकस्मिक निरीक्षण की कार्यवाही करेंगे। यदि किसी वितरण केन्द्र पर ज्यादा भीड़भाड़ अथवा लाइन लगने की गंभीर स्थिति निर्मित होती है तो संबंधित क्षेत्र के कर्मचारी अपने समक्ष नियमानुसार उर्वरक का वितरण करा सकेंगे।

यदि किसी विक्रेता द्वारा कोई अनियमितता की जाती है तो उसकी जानकारी कलेक्टर कार्यालय जिला सीधी को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि संबंधित विक्रेता के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सके।

## खनिज कोयला की दो व्यापारिक अनुज्ञप्तियों को कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से निरस्त किया

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** खनि अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि कलेक्टर के आदेशानुसार सीधी जिले के तहसील बहरी में खनिज कोयला हेतु राममूरति कोल पिता राजमणि कोल निवासी छुहिया पोस्ट खुटेली तहसील बहरी एवं मयंक सिंह बघेल पिता प्रदीप सिंह बघेल निवासी चदैनिया तहसील चुरहट को ग्राम बहरी तहसील बहरी जिला सीधी की खनिज कोयला हेतु व्यापारिक अनुज्ञाप्तियॉ स्वीकृत की गई थी।

उन्होने बताया कि अनुज्ञप्तियों के निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों की पूर्ति के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया जाकर 30 दिवस में जबाव चाहा गया था किन्तु व्यापारिक अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा नोटिस के संबंध में कोई जबाव प्रस्तुत नहीं किये जाने एवं नियम/शर्तों के उल्लंघन फ्लस्वरूप कलेक्टर द्वारा जारी आदेश 30 जनवरी 2024 तथा 28 अप्रैल 2023 द्वारा जारी व्यापारिक अनुज्ञप्तियों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

धीरेंद्र शास्त्री बोले-हिंदुओं पीछे मत रह जाना,एक हो जाना

# बहन-बेटियों को बचाना है तो सड़कों पर आना ही होगा, कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** पदयात्रा कर रहे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा है कि हमारी छत कमजोर है लेकिन दिल मजबूत है। उन्होंने कहा कि अपनी बहू-बेटियों को बचाना है तो सड़कों पर आना ही होगी। कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं। शास्त्री ने ये भी कहा कि हिंदुओं पीछे मत रह जाना, एक हो जाना।

'सनातन हिंदू एकता' पदयात्रा तीसरे दिन यानी शनिवार को पेप्टिक टाउन से शुरू हुई। इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। यात्रा मऊसहानियां के महाराजा छत्रसाल शौर्यपीठ पर महाराजा छत्रसाल को प्रणाम करते हुए दोपहर भोज के बाद आगे बढ़ती हुई नौगांव पहुंचेगी।

बता दें कि, धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बागेश्वर धाम से 21 नवंबर को सनातन हिंदू पदयात्रा की शुरुआत की है। यात्रा 9 दिन में रामराजा मंदिर ओरछा तक करीब 160 किमी का सफर तय करेगी। इसके कुल 8 पड़ाव होंगे।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 की तैयारी बैठक 25 नवम्बर को

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सदस्य सचिव जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अरविन्द श्रीवास्तव ने जानकारी देकर बताया है कि खेलो इण्डिया यूथ गेम्स की तर्ज पर खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2024 का आयोजन ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर 05 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2024 तक किया जाना है।

उन्होने बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 के आयोजन की तैयारी के संबंध में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में 25 नवंबर को टी.एल. बैठक के पश्चात् कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सीधी में बैठक का आयोजन किया गया है।

उन्होने सभी संबंधितो को सूचित किया है कि बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# सिंगरौली के उज्जैनी चौराहा के पास पलटा ट्रैक्टर

## एक युवक की मौत, चालक गंभीर घायल, बरगवां थाना क्षेत्र में हुआ हादसा



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली के बरगवां थाना क्षेत्र के उज्जैनी चौराहा के पास शुक्रवार देर शाम एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटने से बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों की मदद की और तत्काल पुलिस व परिजनों को सूचना दी गई। जिसके बाद घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

**धान की बोरियां लेकर बाजार जा रहा था ट्रैक्टर:** जहां उज्जैनी गांव निवासी रामलाल साकेत (32) ने ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। ट्रैक्टर चालक को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा ने बताया कि रामलाल साकेत और ट्रैक्टर मालिक के भतीजे (चालक) ने शुक्रवार की शाम ट्रैक्टर पर धान की बोरियां लादकर बाजार जाने की योजना बनाई थी। जैसे ही वे उज्जैनी चौराहा पहुंचे, तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।

**पुलिस ने शुरू की हादसे की जांच-पड़ताल:** इस हादसे में दोनों युवक बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को उठाकर अस्पताल पहुंचाया। रामलाल को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। चालक का इलाज एक निजी अस्पताल में जारी है। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि इस घटना की रिपोर्ट देर शाम तक थाने में दर्ज नहीं कराई गई थी। हालांकि पुलिस को हादसे की सूचना मिल चुकी है और जांच शुरू कर दी गई है।

# पन्ना के ककरहटी में सड़क से हटाया गया अतिक्रमण

## पीडब्ल्यूडी विभाग कराएगा मुख्य मार्ग में डिवाइडर सहित सड़क का निर्माण



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना जिले की ककरहटी नगरपरिषद के मुख्य सड़क का चौड़ीकरण किया जाना है। जिसमें सड़क के दोनों तरफ हुए अतिक्रमण पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। राजस्व, नगरपरिषद और पुलिस की टीम ने सड़क के दोनों तरफ दुकानों के टीन सेड, अस्थाई डिब्बे और अतिक्रमण में फंस रहे मकान भी जमीदोज कर दिए गए हैं। जिसके बाद अब पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से मुख्य मार्ग में डिवाइडर सहित सड़क का निर्माण कार्य करवाया जाएगा।

दरअसल ककरहटी नगर के मुख्य गुनोर सड़क मार्ग के दोनों तरफ दुकानों के सामने अतिक्रमण काफी समय से था। जिसके चलते सड़क पर जाम की स्तिथि निर्मित होने लगी थी। वहीं पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से सकरिया से गुनोर तक का सड़क निर्माण कार्य करवाया जा रहा है, लेकिन नगरीय क्षेत्र में अतिक्रमण एक बड़ी बाधा बन रहा था।

पन्ना एसडीएम सतीश नागवंशी, नायब तहसीलदार कोमल सिंह ने सड़क के दोनों तरफ हुए अतिक्रमण को चिन्हित करवाकर नोटिस देने की कार्रवाई की है। वहीं शनिवार को राजस्व, पुलिस और नगरपरिषद की टीम ने सयुंक्त रुप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरु की।

## जिले में पर्याप्त उर्वरक का भण्डारण है : उप संचालक कृषि

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** उप संचालक कृषि ने जानकारी देकर बताया कि सीधी जिले में किसानों के रबी कृषि कार्य के लिए डीएपी उर्वरक की कमी की पूर्ति हेतु रीवा रैक प्वाइंट से सीधी जिले को 325 मै. टन डीएपी प्राप्त हुआ है, जिसमें सहकारी समितियों को 175 मै.टन, विपणन संघ को 150 मै.टन प्राप्त हुआ है। साथ ही बरिगवां रैक प्वाइंट से 500 मै.टन डीएपी मिलने का सम्भावना है। जिले में पर्याप्त उर्वरक का भण्डारण हो चुका है।

किसानों के मांग अनुसार उर्वरक भण्डारण के लिए वरिष्ठालय के सतत् सम्पर्क में हैं किसी भी प्रकार के उर्वरक की कमी जिले में नहीं है। वर्तमान समय पर जिले में डीएपी के साथ-साथ यूरिया 4701, एनपीके 119 एवं सुपर फास्फेट 106 मे.टन उपलब्ध है।

डीएपी विकल्प के रूप में किसान भाई एपीएस 20:20:0:13 एवं नैनो डीएपी उर्वरक का प्रयोग करें, जो डीएपी की तुलना में सस्ता एवं प्रभावी होता है। यह उर्वरक विपणन संघ के गोदाम एवं निजी विक्रेताओं के पास उपलब्ध है।

उप संचालक कृषि द्वारा जिले के किसान भाइयों से अपील की गई है कि वे रबी कृषि कार्य हेतु अपनी आवश्यकतानुसार नजदीकी उर्वरक विक्रय केन्द्र से निर्धारित दर पर समय से उर्वरकों का उठाव करने का कष्ट करें, ताकि उर्वरक को लेकर उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। उर्वरक के संबंध में किसी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत के लिए किसान भाई अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या अपने विकास खण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।


NAME CHANGE

Pushpanjali Pandey Is Legally Wedded Spouse Of Army No15526931W SWR Prins PandeyPresently Residing At Long TownBasti Near Village Gurhward10 BhagThana Gurh Post Office Gurh Tehseel Gurh Distik Rewa State madhya PradeshPin Cod 486553Do hereby solemnly affirm videAffidavit/Self Declaration No.14Dated 23/11/2024 State Onoath As FollowsThat Ihave Changed My Name FromPushpanjali tiwari And Pushpanjali PandeyDue To correct Name In My Pan AndAadhar Card That Both NamesPushpanjali Pandey & Pushpanjali Tiwari Pertain To One And The Same Person

Informant- Pushpanjali Pandey

## विचार

# कभी आर कभी पार, ऐसी मौसम की मार

दिल्ली एनसीआर में एक्यूआई पांच सौ पार कर गयी जी। पता चला कि हर आदमी चालीस सिगरेट के बराबर धुआं पी रहा है और खांस रहा है। उसकी सांस उखड़ रही है। सिगरेट की डिब्बी पर तो चेतावनी लिखी होती है कि धूम्रपान सेहत के लिए नुकसानदेह है। पांच सौ एक्यूआई पार करने वाली हवा के बारे में ऐसी कोई चेतावनी नहीं दी जाती। बस किसानों पर पराली जलाने का आरोप मढ़ दिया जाता है। मुकदमे थोप दिए जाते हैं। ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री से नहीं कहा जाता कि गाड़िया कम बनाओ या कम बेचो। गाड़ी वालों से कोई नहीं कहता कि भैया पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल कर लो। बस बच्चों की छुट्टी कर दी जाती है कि बेटा हवा बहुत खराब है- घर में रहो। हवा सचमुच खराब है जी। और सच पूछो तो हवा इंसान की ही खराब हो रही है। जैसे आज यह कहा जा रहा है कि दिल्ली-एनसीआर का हर आदमी चालीस सिगरेट के बराबर धुआं पी रहा है वैसे ही कल को यह भी कहा जा सकता है कि यमुना का पानी पीकर हर आदमी चूहे मारने की दवा की एक शीशी जितना या फिर सल्फास की दो गोलियों जितना जहर पी रहा है। या फिर अगर ऐसे ही मापना है तो यह भी कहा जा सकता है कि सब्जियों के साथ हर आदमी इतना कैमिकल ले रहा है, जितने में एक एकड़ का खरपतवार खत्म हो सकता है। मामला काफी भयावह बनता जा रहा है जी। आज बेशक यह कहा जा रहा है कि दिल्ली एनसीआर में एक्यूआई पांच सौ पार गया, लेकिन अभी थोड़े दिन पहले कहा जा रहा था कि गर्मी पचास डिग्री के पार जा सकती है। राजस्थान या आंध्र प्रदेश में कई जगह पारा पचास डिग्री पर पहुंच भी जाता है, लेकिन लू से बिहार और यूपी वाले भी मरते हैं। फिर बताया गया कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बादल फट रहे हैं। भैया अभी तक मुहावरा छप्पर फाड़कर देने का ही चला है, बादल फाड़ बरसने का नहीं चला है।

खैर, अब ऊपर वाला छप्पर फाड़कर तो देता नहीं है, बादल फाड़कर ही बरसता है, सो यह मुहावरा भी चल ही जाएगा। अब थोड़े दिन बाद में यह बताया जाएगा कि कड़ाके की सर्दी के चलते पारा शून्य से नीचे जा सकता है। फलां-फलां जगह पाला जम सकता है। फसलों को नुकसान हो सकता है। शीतलहर से इतनी-इतनी मौतें हो चुकी हैं। ऐसे में जिन्हें नाज है हिंद पर वो कहां हैं, की तर्ज पर यह पूछ लेना चाहिए कि जो मुरीद हैं दिल्ली की सर्दी के- वो कहां हैं, कहां हैं। गर्मी में गर्मी बढ़ रही है। सर्दी में सर्दी बढ़ रही है। लेकिन इस बढ़ती स्मॉग को किस मौसम में डालें। सोच कर बताइए तो! वैसे तो हमारा देश खेलों में अब खूब तरक्की करने लगा है। लोकल से लेकर नेशनल और इंटरनेशनल स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में भी हमारे खिलाड़ी अपने कौशल का रंग जमाने लगे हैं। हालांकि, दुःख की बात भी है कि अब तक हम निरंतर किसी भी खेल में नंबर वन नहीं बन पाए हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि अब हालात बदलने वाले हैं, क्योंकि जितनी तेजी से हमारा देश 'पल्टीबाजी' के खेल में नित्य नई ऊंचाइयां हासिल करता जा रहा है, उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि अब वह दिन दूर नहीं, जब हम कम-से-कम इस खेल में दुनिया में नंबर वन होंगे। वैसे हम अंग्रेज थोड़े न हैं कि अपना खेल सबको खेलाते चलेंगे।

# विश्व में भारत की साख बढ़ाने की मोदी प्रतिबद्धता

**ललित गर्ग**

**दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं समान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्व नेता बनकर उभरे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रुतबा लगातार बढ़ा है। विदेशी धरती से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक समानों की एक लबी शृंखला इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक स्तर पर सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित हुई है और उनकी सोच, नीतियों एवं कार्यक्रमों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह भारत के लिये गर्व की बात है।**



ग इसी श्रृंखला में अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका और गुयाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में ब्राजील में जी 20 समिट की बैठक के लिए पहुंचे थे और इसके बाद 3 कैरेबियन देशों की यात्रा पर है। कोरोना काल में मानवीय दृष्टि से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए डोमिनिका ने प्रधानमंत्री मोदी को 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' और गुयाना ने 'ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' से नवाजा। भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी डोमिनिका, गुयाना और नाइजीरिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सर्वोच्च सम्मान मिले हैं, वह हर भारतीय को अभिभूत एवं गौरवान्वित कर देने वाले हैं। ये सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। ये सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से देश का समग्र विकास करते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया, इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता, उम्मीदें और भरोसा बढ़ा है। अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा बार विदेशी संसद को संबोधित करने का रिकॉर्ड भी मोदी के नाम ही है। मोदी आश्चर्यों की वर्णमाला से गूंथित ऐसा व्यक्तित्व है जिसने अपने हर कीर्तिमान से भारत का मस्तक ऊंचा किया है। ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पार्लियामेंट को भी प्रधानमंत्री मोदी संबोधित कर चुके हैं। मोदी ने 14 बार विदेशी संसद में वहां के सांसदों को संबोधित किया। अमेरिका में मोदी ने दो बार संसद को संबोधित किया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फिजी, मॉरिशस, युगांडा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मालदीव की संसद को भी प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने 7 बार, इंदिरा गांधी ने 4 बार, जवाहरलाल नेहरू ने 3 बार, जबकि मोरारजी देसाई और पीवी नरसिम्हा राव ने 1-1 बार विदेशी संसदों में संबोधन दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे तो सारे शासकीय प्रोटोकाल को तोड़ कर उस देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने न केवल मोदी का स्वागत किया साथ ही एयरपोर्ट पर सबके सामने मोदी के पांव भी छूए। यह अपने आप में अभूतपूर्व है कि विश्व के इतिहास में आज तक कभी भी किसी राष्ट्राध्यक्ष ने किसी दूसरे राष्ट्राध्यक्ष के पांव सार्वजनिक रूप से नहीं छूए हो।

भारत की जनता ने महानायक मोदी को एक नए भारत के शिल्पकार के रूप में देखा। मोदी की हर देश की यात्रा ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनी है। बात चाहे अमेरिका यात्रा की हो, वहां राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी गले तो मिले ही साथ ही बाइडेन का यह कहना अपने आप में अद्भुत है कि ''आप तो अद्भुत लोकप्रिय हो। मुझे तो आपके आटोग्राफ लेने चाहिए।'' आस्ट्रेलिया के सिडनी में जिस तरह से पूरा स्टेडियम वहां बसे भारतीयों ने ठसाठस भर दिया और पूरा स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठा। उसे देखकर तो आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस भी हैरान रह गए। दुनिया के बड़े नेता जहां मोदी को सर आंखों पर बैठा रहे हैं, वहीं भारत में मोदी की लगातार बढ़ती साख एवं सम्मान से समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ है। मोदी का जितना विरोध किया जा रहा है, उतनी ही उनकी प्रतिष्ठा एवं जनस्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। एक तरह से विरोध उनके लिये वरदान बन रहा है। इस युगनायक पर कीचड़ उछालने की जिस तरह की हरकतें की गई, वर्तमान में वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी है। पर इससे मोदी का वर्चस्व धूमिल होने वाला नहीं है। क्योंकि उनकी राजनीति एवं नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है।

आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है। मोदी का संपूर्ण व्यक्तित्व एक पाठशाला बन गया है। उनके व्यक्तित्व के कई अनूठे आयाम हम देख चुके हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनकी सबसे बड़ी और असाधारण बात है उनके वक्तव्य और भाषण। जितनी स्पष्टता और प्रभावी तरीके से वे अपनी बात रखते हैं वह विलक्षण है। उनकी दूरदृष्टि या विजन बिल्कुल स्पष्ट होता है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाया है कि भारत में आर्थिक विकास करने और दुनिया में अपना प्रभुत्व कायम करने की क्षमता है। कठोर परिश्रम एवं अनुशासित जीवन के प्रति उनके अनुराग ने दुनिया को प्रभावित और प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ में एक बाल स्वयं सेवक बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका जीवन अनुशासित रहा है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए, हर पल उत्साह से बिताना और नियमित योग करना उनकी दिनचर्या है। कई अवसर ऐसे आये जब श्री मोदी ने यह सिखाया और प्रयोग करके दिखाया कि कैसे धैर्य और विनम्रता सबसे भरोसेमंद साथी है। इनके सहारे कठिन चुनौतियों से निपटा जा सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी में समय के साथ चलने और समय के पार देखने की अद्भुत क्षमता है। इसीलिए उन्होंने अपने नेतृत्व में जितनी योजनाएं बनाई वे सब वर्तमान को मजबूत बनाते हुए भविष्य को सुरक्षित करने वाली योजनाएं हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत समृद्ध भारत का मिशन पूरा करने और भारत को विश्व की प्रथम 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने के महान लक्ष्य को पूरा करते हुए भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरते हुए विश्व नेतृत्व की क्षमताओं को उजागर कर रहा है। मोदी की सभी योजनाओं का उद्देश्य देश को विकसित बनाना और आर्थिक अर्थव्यवस्था को सुधारना है। नागरिकों को अच्छी सुविधाएं, आत्मनिर्भर जीवनयापन के अच्छे विकल्प, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छा रोजगार, बेहतर वातावरण आदि उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्किल इंडिया मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आत्मनिर्भर भारत ने वर्तमान भारत की तस्वीर बदल दी है। भारतीय लोकतंत्र में एक स्वर्णिम अध्याय शुरू हुआ है और उसमें निरंतर नये-नये आयाम जुड़ते जा रहे हैं जिसे समूची दुनिया आश्चर्य से देख रही है। 'सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र अब हर नागरिक का सूत्र वाक्य है। मोदी के नेतृत्व में कई परिवर्तनकारी पहल की गई हैं, जिनका भारत पर स्थायी प्रभाव पड़ा है। उनके 'स्वच्छ भारत' अभियान ने पूरे देश में स्वच्छता और सफाई के बारे में जागरूकता बढ़ाई है, जबकि 'मेक इन इंडिया' पहल का लक्ष्य भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलना है।


# सुर्खियां बटोरने के लिए यूपी के महिला आयोग का पैतरा

**योगेंद्र योगी**

देश के संवैधानिक आयोग नखदंतविहीन हैं। ऐसे में भी आयोग के कर्ताधर्ता नेताओं की तरह व्यवहार करके आयोग की गरिमा को कम करने के साथ ही उपहास का पात्र बनते हैं। उत्तर प्रदेश के राज्य महिला आयोग ने इसी तरह का कृत्य करके अपनी महत्ता को कम करने का काम किया है। आयोग ने योगी सरकार को एक सिफारिश की। इसमें प्रदेश में पुरुष टेलर द्वारा महिलाओं के कपड़ों के माप लेने पर रोक लगाने, कोचिंग सेंटरों में सीसीटीवी कैमरे, जिम में महिला ट्रेनर लगाने का जिक्र किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए आयोग ने यह प्रस्ताव भेजा है। आयोग का यह कृत्य दर्शाता है कि आयोग मूल उद्श्यो से भटक कर राजनीतिक पैतरेबाजी करने में जुटा है। आयोग को उत्तर प्रदेश में महिलाओं के साथ होने वाले अपराध, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति में सुधार करने से कोई सरोकार नहीं है।

आयोग की इस सिफारिश को अब शासन से मंजूरी मिलने का इंतजार है। आयोग के इस प्रस्ताव में प्रदेश में कानून-व्यवस्था की मौजूदा हालत जिक्र नहीं है। आयोग ने यह भी नहीं बताया कि सिफारिश में किए गए प्रावधान ही क्या महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं। आयोग ने अपराधों के बाद पुलिस कार्रवाई के तौर-तरीकों पर एक लाइन भी नहीं कही। बालिकाओं के शैक्षणिक स्थलों के पास छेड़छाड़ की घटनाएं रोकने के लिए महिला पुलिसकर्मियों की स्थायी तैनाती पर आयोग चुप रहा। महिला आयोग ने यह भी नहीं बताया कि प्रदेश में इतनी संख्या में प्रशिक्षित महिलाएं का इंतजाम कैसा होगा। क्या सरकार इसके लिए महिलाओं के प्रशिक्षण का इंतजाम करने में सक्षम है। प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार के लिए महिलाओं को ऋण और स्थान इत्यादि की व्यवस्था कैसे होगी, इस पर आयोग की सिफारिश में कोई जिक्र नहीं है। महिलाओं की सुरक्षा की चिंता करने वाला उत्तर प्रदेश का महिला आयोग यह भूल गया कि प्रदेश की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था चरमराई हुई है। यात्रियों से ठसाठस भरे वाहनों में महिलाओं को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। महिलाओं के लिए प्रदेश में अलग से परिवहन की व्यवस्था नहीं है। आरक्षित सीटों पर भी महिलाओं को भारी मशक्कत करनी पड़ती है। सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं से छेड़छाड़ की बात आम है। महिला हितों की पैरवी करने वाले महिला आयोग की निगाह यहां तक नहीं पहुंची। इसी तरह महिलाओं की बीमारियों से और प्रसूती की हालत से निपटने के लिए पर्याप्त चिकित्सकों और अस्पतालों की व्यवस्था नहीं है।

आयोग ने पुलिस थानों में महिलाओं की पर्याप्त संख्या और महिला पुलिस थानों की जरूरत पर जोर नहीं दिया। महिलाओं के लिए आज भी पुलिस थानों में जाकर शिकायत दर्ज कराना आसान नहीं है। पुलिसकर्मी पीड़ित महिलाओं से किस तरह का व्यवहार करते हैं, यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने माफिया और गैंगस्टरों को धूल चटाने में कसर बाकी नहीं रखी। प्रदेश से लगभग सभी बड़े माफिया और गैंगस्टर या तो मारे जा चुके हैं या फिर जेलों में बंद हैं। इसके बावजूद यह नहीं कहा जा सकता कि आम लोगों के लिए पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार हुआ है। पुलिस में भ्रष्टाचार और भेदभाव की घटनाएं आम हैं।




आयोग ने इन तमाम मुद्दों को नजरंदाज कर दिया। आश्चर्य की बात यह है कि व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और दुकानों में महिलाओं की नियुक्ति की पैरवी करने वाला आयोग राज्य में महिलाओं के साथ हुए अपराधों पर सक्रिय कार्रवाई नहीं कर सका। हाथरस और उन्नाव कांड इसका उदाहरण है। ऐसे अपराधों को रोकने के लिए आयोग ने कोई भूमिका नहीं निभाई। 14 सितंबर, 2020 को हाथरस में एक दलित युवती के साथ चार पुरुषों ने सामूहिक बलात्कार किया। इसी तरह 4 जून, 2017 को उन्नाव में 17 साल की लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ। इसमें लड़की की मौत हो गई। ऐसे मुद्दों पर आयोग कोई ठोस सुझाव राज्य सरकार को नहीं दे सका। भारत में बाल मजदूरों का सबसे ज्यादा संख्या 5 राज्यों में है। सबसे ज्यादा बाल मजदूर उत्तर प्रदेश और बिहार से हैं। उत्तर प्रदेश में 21.5 फीसदी यानी 21.80 लाख और बिहार में 10.7 फीसदी यानी 10.9 लाख बाल मजदूर हैं। उत्तर प्रदेश में बाल मज़दूरों की संख्या 21.7 लाख है। यह यूपी की कुल आबादी का 21 फ़ीसदी है। हालांकि यह मुद्दा सीधा महिला आयोग के तहत नहीं आता, फिर कोई महिला अपने कलेजे के टुकड़े से मजदूरी कैसे करवा सकती है। महिला आयोग ने कभी इस पर विचार नहीं किया।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों (जैसे बलात्कार, हत्या, अपहरण, बलात्कार के बाद हत्या और सामूहिक बलात्कार) की कुल संख्या में उत्तर प्रदेश देश में सबसे ऊपर रहा। इसमें 65,743 ऐसे मामले दर्ज किए गए। महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर 2017 में जब योगी आदित्यनाथ ने राज्य की बागडोर संभाली थी, तो उन्होंने महिलाओं के सार्वजनिक उत्पीडऩ को रोकने के लिए 卐एंटी-रोमियो स्क्वॉड卐 का गठन किया था। बाद में उनकी सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा के नाम पर गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम, 2021 बनाया, जिसे लव-जेहाद विरोधी कानून के रूप में जाना जाता है।

अपराध के आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि इन कानूनों के बन जाने के बाद भी महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों में ज्यादा सुधार नहीं हुआ। इसकी राज्य महिला आयोग ने कभी समीक्षा नहीं की। गौरतलब है आयोग को सिर्फ नोटिस देकर बुलाने का अधिकार है, कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है। अपने इस अधिकार के लिए भी आयोग ने कभी आवाज बुलंद नहीं की। इससे साफ जाहिर है कि आयोग का महिलाओं की सुरक्षा की सिफारिश का दावा खोखला है। धरातल की हालत से दूर ऐसी सिफारिश सिर्फ सुर्खियां बटोरने से ज्यादा कुछ नहीं है।

# 7 वीं के छात्र का गला काटकर मर्डर

## सिर पर गहरे चोट के निशान, 2 स्टूडेंट्स से पूछताछ, एक ने लगा ली फांसी

**मीडिया ऑडीटर, कोरिया एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में 7वीं के छात्र का गला काटकर मर्डर कर दिया गया। छात्र के सिर पर भी गहरे चोट के निशान मिले हैं। बताया जा रहा है कि पिछले 4 दिन से लापता था। जंगल में उसकी लाश मिली है। मौके से चाकू भी मिला है। मामला पटना थाना क्षेत्र के चंपाझर का है। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने मर्डर केस में 2 छात्रों को पूछताछ के लिए पटना थाने बुलाया था। पूछताछ के बाद उसमें से एक 14 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।








**जानिए क्या है पूरा मामला:** दरअसल, चंपाझर निवासी अमन सिंह (12) कक्षा सातवीं का छात्र था। 20 नवंबर को वह साइकिल से ब्रेड बेचने निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों और स्कूल के दोस्तों से पूछताछ की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद छात्र के पिता रमेश सिंह ने 20 नवंबर की शाम पटना थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस एक्टिव हो गई। उससे जुड़े हर किसी से पूछताछ की, लेकिन कुछ खास पता नहीं चला।

**परिजनों के आक्रोश के बाद पुलिस ने 2 छात्रों से की पूछताछ:** 22 नवंबर तक छात्र का पता नहीं चला तो परिजन और ग्रामीण थाने पहुंचे। पुलिस पर छात्र के गुमशुदगी मामले में कार्रवाई नहीं करने को लेकर आक्रोश जताया। पुलिस ने शुक्रवार को साथ में ब्रेड बेचने वाले ग्राम चंपाझर निवासी कक्षा नवमीं में अध्ययनरत छात्र परमेश्वर सिंह (14) और एक अन्य छात्र को पूछताछ के लिए पटना थाने बुलाया था।

**पूछताछ के बाद छात्र ने फांसी लगाई:** पूछताछ में दोनों छात्रों ने गुमशुदा छात्र अमन सिंह के संबंध में जानकारी होने से इनकार किया तो पुलिस ने उन्हें शाम को छोड़ दिया। पूछताछ के बाद छोड़े गए छात्र परमेश्वर सिंह ने बीती रात अपने घर में फांसी लगा ली।

**पुलिस पूछताछ के बाद डर गया था छात्र:** परिजनों ने सुबह छात्र परमेश्वर की लाश फंदे से झूलते देखा। उन्होंने फौरन पटना पुलिस और ग्रामीणों को मामले की जानकारी दी। छात्र के पिता सुशील सिंह ने बताया कि कि पुलिस पूछताछ के बाद परमेश्वर सिंह सहमा हुआ था। रात को वह सोने चला गया था।

**कहां मिली सातवीं के छात्र अमन की लाश:** छात्र के सुसाइड के बाद पुलिस हरकत में आई। गुमशुदा छात्र अमन सिंह की साइकिल जिस मकान में मिली थी, उसके आसपास शनिवार को खोजबीन शुरू की गई। घर से करीब 200 मीटर दूर जंगल में छात्र की लाश मिली। छात्र के गले में काटने के निशान मिले हैं।

**लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया:** सूचना पर बैकुंठपुर डीएसपी कविता ठाकुर सहित पटना थानेदार विनोद पासवान की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सूचना पर फोरेंसिक एक्सपर्ट एसके सिंह सहित डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**पुलिस हर एंगल से कर रही तफ्तीश:** डीएसपी कविता ठाकुर ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। मृतक छात्र के एक साथी ने फांसी लगा ली है। हत्या में कौन कौन शामिल थे और हत्या की वजह क्या था। इसकी तस्दीक की जा रही है।

# जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन, निजी क्षेत्र में 1262 पदों पर भर्ती

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** जिला प्रशासन, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा 24 नवंबर 2024 रविवार को प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, मनेन्द्रगढ़ में रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में निजी क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 1262 रिक्तियां प्राप्त हुई हैं। इस रोजगार मेले में अलग-अलग पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें सिक्योरिटी गार्ड, ओटी तकनीशियन, बीएससी नर्सिंग और जीएनएम, लैब तकनीशियन, एजेंट, डीएम, ऑटोमोबाइल सेल्स, सर्विस सुपरवाइजर,टू व्हीलर/इवी सेल्स सर्विस/सेल्स, हेल्पर, इलेट्रिशन, फिटर, ऑफिस असिस्टेंट, वेल्डर, पेंटर, लेबर, जनरल असिस्टेंट, वर्किंग पार्टनर, मार्केटिंग, एजेंट, सिक्योरिटी गार्ड, सर्वेयर और कंप्यूटर संचालक, अप्रेंटिस इडीओ-एल, इडीओ, कलेक्शन मैनेजर, सविंग मशीन, इलेट्रिशन, फिटर, वेल्डर, होम मैनेजमेंट, सोलर पीवी इंस्ट्रालर ,जैसे पद शामिल हैं।

**नियोजक एवं पदों का विवरण:** मेसर्स बाम्बे इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के लिए 10वीं पास योग्यता मांगी गई है और वेतन 14,000 से 19,000 रुपये निर्धारित है।

जिसमें मेसर्स मूंद्रा हॉस्पिटल मंगल चौक, बिलासपुर बीएससी नर्सिंग और जीएनएम के लिए न्यूनतम दो वर्ष के अनुभव के साथ 10,000 रुपये वेतन पर नियुक्ति करेगा। मेसर्स एसएच प्रोजेक्ट्स पिपरिया, मनेन्द्रगढ़ लैब तकनीशियन के लिए स्नातक (रसायन विषय से) योग्यता के साथ 10,000 रुपये वेतन पर नियुक्ति करेगा। एजेंट पद पर 10वीं पास अभ्यर्थी को कमीशन बेस पर काम का अवसर मिलेगा। मेसर्स एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, मनेन्द्रगढ़ स्नातक पास उम्मीदवारों को डीएम पद के लिए 2.5 लाख रुपये वार्षिक वेतन पर नियुक्त करेगा। वहीं, मेसर्स कोरिया ऑटो सेल्स पार्ट सेंटर, बैकुंठपुर ऑटोमोबाइल सेल्स और सर्विस सुपरवाइजर के लिए 12वीं और स्नातक पास उम्मीदवारों को अवसर देगा। हेल्पर पद के लिए अनपढ़ से 12वीं पास उम्मीदवारों को 15,500 रुपये वेतन मिलेगा। मेसर्स मोहिनी हेल्थ एंड हाइजिन लिमिटेड, पीथमपुर (मध्यप्रदेश) बिजली मिस्त्री और फिटर पदों पर आईटीआई पास उम्मीदवारों को 16,500 रुपये वेतन पर भर्ती करेगा। ऑफिस असिस्टेंट पद के लिए 12वीं पास/स्नातक उम्मीदवार को 17,500 रुपये वेतन दिया जाएगा। मेसर्स अमर एग्रो इंडस्ट्रीज, लालपुर मनेन्द्रगढ़ वेल्डर के लिए आईटीआई पास उम्मीदवार को 11,000 रुपये, पेंटर के लिए 5वीं पास को 9,000 रुपये, और लेबर के लिए 7,000 रुपये वेतन पर भर्ती करेगा। मेसर्स बिलासा भूमि बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, उसलापुर बिलासपुर जनरल असिस्टेंट के लिए 12वीं पास और कंप्यूटर पास उम्मीदवार को 12,000 रुपये वेतन पर नियुक्त करेगा। वर्किंग पार्टनर पद के लिए स्नातक/स्नातकोत्तर उम्मीदवार को 40% लाभ दिया जाएगा। मेसर्स अलर्ट प्लेसमेंट सर्विस, रायपुर सिक्योरिटी गार्ड, सर्वेयर और एजेंट पदों के लिए 8वीं पास से स्नातक तक के उम्मीदवारों को अवसर प्रदान करेगा। वेतन 11,000 से 13,000 रुपये तक रहेगा। मेसर्स सत्या माइक्रो केपिटल लिमिटेड वार्ड न.14 नियर बैंक ऑफ इंडिया बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छत्तीसगढ़ 12वीं पास एवं ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य, वेतन 12500 से 30000 रूपये तक रहेगा। मेसर्स वेदांता स्किल स्कूल जिला कोरबा सविंग मशीन 10वीं पास/आईटीआई वेतन 13650/-, इलेट्रिशन 10वीं पास/आईटीआई वेतन 15700/-, फिटर 10वीं पास/आईटीआई वेतन 14500/-, वेल्डर 8वीं/ आईटीआई वेतन 16200/-, होम मैंनेजमेंट 10वीं पास वेतन 13000/-, सोलर पीवी इंस्ट्रालर 12वीं पास/ आईटीआई वेतन 15750/- रहेगा।

## नाबालिग से दुष्कर्म, शादी का झांसा देकर ले गया था रायगढ़, आरोपी गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी आदित्य टंडन को रायगढ़ जिले से गिरफ्तार किया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है। दरअसल, नाबालिग परिजनों ने बेटी के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि, वो 16 नवंबर की सुबह घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। जिसके बाद से घर वापस नहीं लौटी है। जिसके बाद पुलिस जांच में जुटी।

**जांजगीर से ले गया रायगढ़:** मुखबीर से सूचना मिली कि, आदित्य टंडन अपने साथ एक नाबालिग बालिका को लेकर बाइक पर रायगढ़ की तरफ जाते दिखा है। पुलिस टीम गठित कर रायगढ़ की ओर भेजा गया। इस दौरान रायगढ़ से आदित्य टंडन के कब्जे से नाबालिग को बरामद किया गया।

## प्रधान आरक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

### एसीबी की कार्रवाई, 10 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा

**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** दुर्ग के स्मृति नगर पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक रामकृष्ण सिंन्हा को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी ने आरक्षक के पास से रिश्वत में लिए गए दस हजार रुपए जब्त कर लिए हैं। दरअसल, छत्तीसगढ़ में एंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वतखोरी के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। इसी के तहत ये कार्वाई शुरू की गई है। एसीबी ने जनता से भ्रष्टाचार की शिकायतें दर्ज कराने की अपील की है।



जानकारी के मुताबिक प्रधान आरक्षक के खिलाफ दुर्ग के नेहरू नगर इलाके में रहने वाले एक बी फार्मा के छात्र ने शिकायत की थी।छात्र ने बताया था कि कुछ दिन पहले एक विवाद को लेकर उसके खिलाफ शिकायत की गई थी। इस प्रकरण को खत्म करने के एवज में छात्र से आरक्षक बीस हजार रुपए की मांग कर रहा था। जिसके बाद छात्र ने पूरे मामले की शिकायत एसीबी से की थी।

# जॉइंट डायरेक्टर से दिनदहाड़े लूट का वीडियों

## 2 बाइक सवार छीनकर भागे थैला, बेटी की शादी के लिए निकाले थे साढ़े 3 लाख

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ढ्ढ पत्रिका ढ्ढ) के जॉइंट डायरेक्टर से दिनदहाड़े लूट हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार लुटेरे 3 लाख 50 हजार रुपए लूटकर भाग गए। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। लुटेरे अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। मामला सदर बाजार का है।



मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित वैवाहिक आयोजन को लेकर गहने खरीदने आए थे। पैसों से भरा थैला लेकर पैदल चल रहे थे, तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार 2 युवकों ने उनका थैला छीन लिया। लूट की यह वारदात शहर के सबसे व्यस्ततम इलाका सदर बाजार में हुई है।

**बेटी की शादी के लिए गहने लेने आए थे सदर बाजार:** दरअसल, सरकंडा के खमतराई में रहने वाले अवनीश सोनी कोनी स्थित आईटीआई के जॉइंट डायरेक्टर हैं। उनके परिवार में बेटी की शादी है। गुरुवार को वो अपने बेटे को लेकर मध्यनगरी चौक स्थित बैंक गए, जहां से 3 लाख 50 हजार रुपए निकालकर बेटे के साथ सदर बाजार पहुंचे। इस दौरान उनका बेटा कार में ही बैठा था।

**शोर मचाते रह गए अफसर, किसी ने नहीं दिया ध्यान:** जॉइंट डायरेक्टर अवनीश सोनी को अचानक हुई इस घटना के बाद कुछ समझ नहीं आया। उन्होंने तत्काल शोर मचाते हुए घटना की जानकारी लोगों को दी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस बीच बाइक सवार लुटेरे भाग निकले।

# भैरव जयंती आज, रतनपुर में होगी तंत्र साधना

## भक्तों ने निकाली कलशयात्रा, एक क्विंटल गेंदे के फूल और नरमुंड से हुआ भैरव बाबा का श्रृंगार

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर निप्र।** बिलासपुर जिले के धर्म नगरी रतनपुर में शनिवार को भैरव जयंती मनाई जा रही है। इससे पहले भक्तों ने काल भैरव जयंती पर कलशयात्रा निकाली। 9 दिवसीय इस आयोजन के दौरान भैरव बाबा मंदिर में तंत्र साधना सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। शनिवार को भैरव बाबा की एक क्विंटल गेंदे के फूल और नरमुंड से राजश्री श्रृंगार के साथ विशेष पूजा आराधना की गई।







दरअसल, हिंदू धर्म में काल भैरव जयंती का बड़ा धार्मिक महत्व है। इस शुभ दिन पर साधक भगवान शिव के उग्र स्वरूप काल भैरव की पूजा करते हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, काल भैरव जयंती मार्गशीर्ष महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है।

**हर साल मनाई जाती है भैरव बाबा की जयंती:** रतनपुर स्थित सिद्ध तंत्र पीठ भैरव मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि को भैरव बाबा की जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जा रही है। भैरव बाबा का सुबह एक क्विंटल गेंदे के फूल और नरमुंड के माले से शृंगार हुआ।

राज्योपचार, नमक-चमक विधि से बाबा की विशेष पूजा-अर्चना 21 वैदिक पंडितों ने ?किया। साथ ही भैरव बाबा को 56 प्रकार के भोग लगाए गए। फिर विशेष पूजा आराधना के साथ महाआरती की गई। इसके बाद भक्तों के दर्शन के लिए बाबा पट रात भर खुला रहेगा।

**9 दिनों तक चलेगा आयोजन, समस्या निवारण के लिए तंत्र साधना:** मंदिर के महंत पं. जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि, 9 दिवसीय कार्यक्रम चल रहा है। 9 दिनों तक रुद्राभिषेक किया जा रहा है। रात में बाबा को तंत्र साधना के साथ आहुतियां डाली जा रही हैं। पूरे दिन मंदिर आने वाले भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। महंत अवस्थी ने बताया कि बाबा के दर्शन के लिए प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी लोग पहुंचेंगे। इस दौरान भक्तों की समस्या निवारण के लिए तंत्र साधना, हवन पूजन भी कराया जाएगा। आयोजन में पं. दिलीप दुबे, पं.महेश्वर पाण्डेय, पं.राजेंद्र दुबे, पं. कान्हा तिवारी, विक्की अवस्थी, सोनू, आचार्य गिरधारी लाल पाण्डेय, पं. अवनीश मिश्रा, पं. बल्ला दुबे, पं. गौरीशंकर तिवारी, पं. राम सुमित तिवारी, यशवंत पाण्डेय शामिल हैं।

## क्षेत्र का सबसे बड़ा चाकूबाज गिरफ्तार

### पुलिस ने निकाला जुलूस, आरोपी ने लोगों से मांगी माफी, कहा-दोबारा ऐसा काम नहीं करेगा



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** भिलाई की छावनी पुलिस ने क्षेत्र के सबसे बड़े चाकूबाज जे पवन उर्फ ब्रूसली को गिरफ्तार कर उसका जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान ब्रूसली ने लोगों से माफी मांगी। कसम खाई की वह इस तरह का काम दोबारा नहीं करेगा। इसके बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

चाकूबाजों पर नकेल कसने दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला की इनामी घोषणा का असर दिखने लगा है। ना सिर्फ थाने की पुलिस बल्कि लोग भी इसको लेकर जागरूक हुए हैं। दुर्ग पुलिस की इनामी घोषणा के कुछ घंटे बाद ही एक व्यक्ति ने थाना प्रभारी छावनी चेतन चंद्राकर को चाकूबाज की जानकारी दी।

**हाथ में चाकू लेकर इंस्टाग्राम पर फोटो पोस्ट की:** फोन करने वाले ने बताया कि इलाके का आदतन अपराधी ब्रूसली ने इंस्टाग्राम पर हाथ में चाकू लेकर फोटो पोस्ट की है। इतना ही नहीं, उसने मारपीट का वीडियो भी अपलोड किया है। थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर ने तुरंत ब्रूस ली को ढूंढ निकाला।

**आरोपी के पास से चाकू जब्त:** पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से चाकू भी जब्त किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि ब्रूसली आदतन बदमाश है। उसके खिलाफ पहले से ही थाने कई मामले दर्ज हैं। वह कई बार चाकूबाजी और मारपीट के मामले में जेल जा चुका है।

**दुर्ग एसपी की ये है इनामी घोषणा:** दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने 21 नवंबर को घोषणा की थी कि चाकूबाजों और् कटर रखने वालों की खबर देने वालों को 1 हजार रुपए इनाम दिया जाएगा। साथ ही नाम बताने वाले की पहचान भी गुप्त रखी जाएगी। इसके कुछ समय बाद ही लोग एक्टिव हो गए। दिए गए् नंबर पर जानकारी देना शुरू कर दिया है।

**इन नंबरों पर करें शिकायत:** दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि जिन लोगों को चाकू या कटर से संबंधित सूचना देनी हो उनके नंबर 9479192002, सीएसपी दुर्ग 9479192006, सीएसपी भिलाई नगर 9479192008, डीएसपी क्राइम 9479192017, टीआई क्राइम 6265022883 और कंट्रोल रूम के नंबर 9479192099 पर कॉल करके जानकारी दे सकता है।

## देवर ने भाई-भाभी पर हथौड़े से किया हमला

### बोला- तुमने मेरी पत्नी को भड़काया, अब वो घर नहीं आना चाहती, महिला की मौत, भाई घायल



**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में एक युवक ने अपने भाई और भाभी पर हथौड़े से हमला कर दिया। जिससे महिला की मौत हो गई, जबकि भाई गंभीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि, आरोपी को शक था कि उसकी भाभी ने उसकी पत्नी को उसके खिलाफ भड़काया था। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला परपा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, बड़े बोदला गांव निवासी नीलू मंडावी का पिछले कुछ दिनों से पत्नी के साथ विवाद चल रहा था। पत्नी अपने मायके चली गई। इसी बात से युवक काफी खफा था। उसे शक था कि उसकी भाभी जयमनी मंडावी उसकी पत्नी को उसके खिलाफ भड़काई है।

**घर नहीं आ रही थी पत्नी:** जिसके बाद पत्नी अपने मायके चली गई। जब उसने अपनी पत्नी से घर लौटने कहा, तो उसने आने से मना कर दिया। पत्नी के घर नहीं लौटने की बात से युवक काफी खफा था। जिसके बाद 2 दिन पहले वो रात में अपने घर गया। इसी बात को लेकर भाई-भाभी से उसका विवाद हो गया। गुस्से में उसने घर पर रखे हथौड़े से पहले भाभी पर हमला किया, फिर भाई को मार दिया।

**हत्या के बाद फरार हो गया था आरोपी:** जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भाई गंभीर रूप से घायल है। शोरगुल की आवाज सुनकर पड़ोसी घर पहुंचे थे। तब तक आरोपी घर से फरार हो गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहीं आरोपी युवक की तलाश की गई। जिसे गांव के नजदीक एक ठिकाने से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया है।

## 2 दिन में 522 बोरी अवैध धान जब्त

### कोचियों ने 250 क्विंटल धान का किया था भंडारण, मंडी एक्ट के तहत कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में उड़नदस्ता टीम ने अवैध धान पर कार्रवाई की है। 2 दिन में 522 बोरी यानी 250 क्विंटल अवैध धान की जब्ती की गई है। 3 कोचियों पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को धरमजयगढ़ उड़नदस्ता टीम को सूचना मिली कि कापू और खम्हार गांव में दो कोचिए अवैध रूप से धान भंडारण कर रखे हैं, जिसके बाद उड़नदस्ता की टीम पहले कापू पहुंची। यहां मनोज कुमार गुप्ता के घर गोदाम में दबिश दी।

**इनके गोदामों पर की गई छापेमारी:** मनोज कुमार गुप्ता के गोदाम से 452 बोरी यानी 180 क्विंटल अवैध धान मिला, जिसे जांच टीम ने जब्त कर लिया। इसके बाद खम्हार में अजय कुमार अग्रवाल के गोदाम पर छापेमारी की गई। यहां से 125 बोरी यानी 50 क्विंटल अवैध धान की जब्ती की गई।

**20 क्विंटल धान कुरूभांठा से जब्त:** वहीं शुक्रवार खरसिया की उड़नदस्ता टीम को अवैध धान की सूचना मिलने के बाद टीम कुरूभांठा पहुंची। सौरभ अग्रवाल के गोदाम में जांच की गई। जहां अवैध रूप से 50 में 20 क्विंटल धान मिला। उड़नदस्ता टीम ने जब्त कर कोचिए के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

**लगातार की जा रही छापेमारी:** खाद्य निरीक्षक अंजनी राव ने बताया कि जिले में कोचियों और धान के अवैध परिवहन पर भी उड़नदस्ता टीम नजर रख रही है। अब तक अवैध धान भंडारण के 22 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिसमें 1400.4 क्विंटल धान जब्त किया गया है। जिले के सभी ब्लॉकों में राजस्व, मंडी और खाद्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की संयुक्त उड़नदस्ता टीम बनाई गई है।

# मणिपुर हिंसा- 7 जिलों में लगा इंटरनेट बैन और बढ़ाया

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर सरकार ने 7 जिलों में मोबाइल इंटरनेट सर्विस पर लगी रोक को दो दिन के लिए और बढ़ाया गया। इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों में 16 नवंबर को पहले दो दिन के लिए इंटरनेट सर्विस बैन की गई थी। मणिपुर में हिंसा लगातार जारी है। इसी को ध्यान में रखते हुए बैन को लगातार बढ़ाया जा रहा है। गृह विभाग ने नोटिस जारी किया है। इससे पहले 19 नवंबर को सरकार ने ब्रॉडबैंड सर्विस से बैन हटाया था। जिससे स्कूल-कॉलेजों, अस्पतालों, सरकारी ऑफिसों के काम नहीं रुकें। वहीं, 16 नवंबर को विधायकों के घरों में तोड़फोड़-आगजनी के मामले में 2 और लोग गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने अबतक 34 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक और भी लोगों की तलाश की जा रही है। इसके लिए इंफाल घाटी में सर्चिंग जारी है। 11 नवंबर को जिरिबाम में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 10 कुकी-जो उग्रवादियों को मार गिराया था। इसके बाद मैतेई समुदाय की तीन महिला और तीन बच्चे किडनैप हुए थे। इसके बाद से ही 7 जिलों में हिंसा जारी है। किडनैप हुई महिलाओं और बच्चों के शव मणिपुर की जिरी नदी और असम के कछार में बराक नदी में मिले थे।

# दिल्ली 5 दिन बाद शुक्रवार शाम को फिर गैस चैंबर में तब्दील हो गई

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली 5 दिन बाद शुक्रवार शाम को फिर गैस चैंबर में तब्दील हो गई। शनिवार सुबह 6 बजे भी दिल्ली के 9 इलाकों में प्रदूषण गंभीर कैटेगिरी में रिकॉर्ड किया गया। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली के वजीरपुर में हवा सबसे ज्यादा जहरीली है। यहां का एक्यूआई 467 दर्ज किया गया। वहीं, दिल्ली का औसत एक्यूआई 419 रिकॉर्ड किया गया। बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी को जीआरएपी-4 के प्रतिबंध सख्ती से लागू कराने के लिए पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि चीफ सेकेटरी को पर्सनल लेवल पर मॉनिटरिंग करनी चाहिए। पत्र में उन्होंने लिखा- दिल्ली के सभी विभागों को जीआरएपी 4 को लेकर रोज रिपोर्ट जारी करनी चाहिए। इससे उन इलाकों की पहचान करने में मदद मिलेगी, जहां ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। गोपाल राय एंट्री पॉइंट पहुंचे, जीआरएपी-4 प्रतिबंध का निरीक्षण किया उधर, ट्रकों की एंट्री रोक न पाने पर दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फटकार लगाई थी। इसके बाद दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय शुक्रवार देर रात सिंघु बॉर्डर पहुंचे और ट्रकों को रोका जा रहा है या नहीं, इसकी जांच की। गोपाल राय ने बताया कि हर दिन 135 से 165 ट्रक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें दिल्ली में एंट्री करने से रोका जा रहा है।

# 15 राज्यों की 46 विधानसभा, 2 लोकसभा के नतीजे

## वायनाड में प्रियंका 4 लाख+ वोटों से जीतीं,एमपी में मंत्री हारे, यूपी की 9 में 7 पर भाजपा गठबंधन जीता




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 15 राज्यों की 46 विधानसभा और 2 लोकसभा (वायनाड, नांदेड़) सीटों पर काउंटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। वायनाड लोकसभा सीट पर प्रियंका गांधी ने 4 लाख 10 हजार वोटों से जीत दर्ज की है। उन्हें कुल 6 लाख 22 हजार 338 वोट मिले। यहां सीपीआई के सत्यन मोकेरी (2 लाख 11 हजार वोट) दूसरे और भाजपा की नव्या हरिदास (1 लाख 9 हजार वोट) तीसरे नंबर पर रहे। महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर भाजपा के संतुक हंबार्डे की जीत लगभग पक्की है। वे कांग्रेस के वसंत राव चव्हाण से करीब 42 हजार 527 वोटों से आगे चल रहे हैं। अभी रिजल्ट घोषित नहीं किया गया है। मध्य प्रदेश की विजयपुर सीट पर कांग्रेस से भाजपा में आए वन मंत्री रामनिवास रावत हार गए। वहीं, उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों में से भाजपा गठबंधन को 7 और सपा को 2 सीटों पर जीत मिली है। 46 सीटों पर भाजपा गठबंधन 24, कांग्रेस 7, टीएमसी 6, सपा 3, आप 3, सीपीआई-एम नेशनल पीपुल्स पार्टी और भारत आदिवासी पार्टी 1-1 सीटों पर आगे चल रही हैं। भाजपा गठबंधन में जेडीयू, हिंदुस्तान अवाम मोर्चा असम गण परिषद , यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल शामिल हैं।

चुनाव से पहले इन 46 सीटों में से 27 सीटों पर विपक्ष का कब्जा था। इनमें अकेले कांग्रेस के पास 13 सीटें थीं। वहीं, भाजपा की 11 सीटों समेत ह्ढ के पास कुल 17 सीटें थीं। इस तरह से भाजपा गठबंधन को कुल 7 सीटों का फायदा है।

# निर्मला बोलीं- शिल्पकला छोटी उम्र में सीखी जाती है

**बेंगलुरू ( एजेंसी )।** बेंगलुरू में इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित 8वें इंडिया आइडियाज कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र में लोगों को संबोधित करती हुई वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हम हजारों सालों से प्रोडक्ट मैन्यूफैक्चरिंग कर रहे हैं। लेकिन शोषण की बात कभी नहीं आई। वित्त मंत्री का ये जवाब उस बयान पर आया जिसमें विदेशी खरीददारों ने कहा है कि भारत में बच्चों से कालीन बनवाए जाते हैं।



इसलिए भारत से कालीन नहीं खरीदे जाएंगे। उन्होंने कहा कि कालीन बनाना ट्रेडिशनल इंडस्ट्री है। देश में कई परिवार बच्चों को शिल्पकार बनाने में लगे हैं। वो भी उनकी स्कूली शिक्षा प्रभावित किए बिना। क्योंकि जब तक शिल्पकला छोटी उम्र में नहीं सीखी जाती, तब तक कोई भी शिल्पकार इसमें महारत हासिल नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि अगर हम ब्रांड इंडिया बनाना चाहते हैं तो हमें अपने सही फैसलों पर पश्चिमी देशों के कहे पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने ये बात शुक्रवार को बेंगलुरु में आयोजित इंडिया आइडिया कॉन्क्लेव 2024 में कही। सीतारमण ने कहा- लोगों को ये बताने की जरूरत है कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत की ताकत प्राचीन काल से ही अटूट है। भारत के पास ज्ञान का भंडार है। इसके श्रेय सुश्रुत संहिता जैसे प्राचीन ग्रंथों को जाता है।

# भारत का बड़ा कदम- घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स घटक निर्माण के लिए 5 बिलियन डॉलर की योजना शुरू

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत अब अपनी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों को प्रोत्साहन देने की योजना बना रहा है, ताकि वे स्मार्टफोन से लेकर लैपटॉप जैसे उपकरणों के लिए आवश्यक घटक का निर्माण कर सकें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य चीन से आयात पर निर्भरता को कम करना और घरेलू आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना है। सरकार के अधिकारियों के अनुसार, इस योजना से देश में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण को और बढ़ावा मिलेगा। भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 2024 में .115 बिलियन तक पहुंच गया है, जो पिछले छह वर्षों में दोगुना हो चुका है। इस तेजी से वृद्धि में वैश्विक कंपनियों जैसे एप्पल और सैमसंग का भी योगदान है। अब भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा स्मार्टफोन आपूर्तिकर्ता बन गया है। हालांकि, इस वृद्धि के बावजूद, भारतीय उद्योग अभी भी मुख्य रूप से चीन और हांगकांग से आयातित घटकों पर निर्भर है, जो 2024 में भारत के 89.8 बिलियन के कुल इलेक्ट्रॉनिक्स आयात का आधे से ज्यादा हिस्सा बनाते हैं। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय द्वारा शुरू की जा रही इस नई योजना में, प्रमुख घटकों जैसे प्रिंटेड सर्किट बोर्ड्स के निर्माण के लिए प्रोत्साहन दिए जाएंगे।

# भारतीय अमेरिकी अल्पसंख्यकों के लिए एआईएएम का गठन, पीएम मोदी को मिला ग्लोबल पीस अवार्ड

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एसोसिएशन ऑफ इंडियन अमेरिकन माइनॉरिटीज , एक नया गैर-सरकारी संगठन, शुक्रवार को मैरीलैंड के स्लिगो सेवेंथ-डे एडवेंटिस्ट चर्च में लॉन्च किया गया। इस संगठन का उद्देश्य संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय अमेरिकी अल्पसंख्यक समुदायों को एकजुट करना और उनके कल्याण को बढ़ावा देना है।




इस अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अल्पसंख्यक कल्याण के लिए डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर ग्लोबल पीस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उनके समावेशी विकास और अल्पसंख्यकों के उत्थान के प्रयासों को मान्यता देते हुए वाशिंगटन एडवेंटिस्ट यूनिवर्सिटी और एआईएएम द्वारा प्रदान किया गया। पीएम मोदी को यह सम्मान अनुपस्थिति में दिया गया। एआईएएम के संस्थापक और अध्यक्ष के रूप में प्रसिद्ध सिख परोपकारी जसदीप सिंह को नियुक्त किया गया। संगठन के सात सदस्यीय निदेशक मंडल में विभिन्न भारतीय अल्पसंख्यक समुदायों का प्रतिनिधित्व किया गया है, जिसमें सिख, ईसाई, हिंदू, मुस्लिम और यहूदी समुदाय के सदस्य शामिल हैं। सभा में, जसदीप सिंह ने पीएम मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में एआईएएम की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत में हर नागरिक के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में पीएम मोदी का समावेशी दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है।

## दलितों के घर जलाए, 10 साल बाद 98 को उम्रकैद

**हुबली ( एजेंसी )।** कर्नाटक के कोप्पल जिले के माराकुम्बी गांव में 28 अगस्त, 2014 के दलित उत्पीड़न मामले में 24 अक्टूबर, 2024 को फैसला आया। सेशन्स कोर्ट ने ऊंची जाति के 98 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। ऐसा देश में पहली बार हुआ, जब छुआछूत से जुड़े मामले में इतनी बड़ी संख्या में लोगों को एक साथ उम्रकैद की सजा सुनाई गई। कोर्ट के फैसले से लगा कि 10 साल बाद ही सही, माराकुम्बी के दलितों को न्याय मिल गया। हालांकि, जब दैनिक भास्कर इस चर्चित मामले का जमीनी सच जानने माराकुम्बी पहुंचा तो स्थिति इसके उलट थी।

# 25 नवंबर से संसद का शीत सत्र

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू हो रहा है। यह पिछले 10 साल में सबसे आक्रामक हो सकता है। मगर, इसमें सत्ता पक्ष का दबदबा रहेगा या विपक्ष का, यह शनिवार को आ रहे महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के नतीजों से तय होगा। अगर नतीजों से भाजपा को झटका लगा तो केंद्र सरकार के लिए विपक्ष के साथ ही सहयोगी दलों को साधना भी बड़ी चुनौती हो सकती है। यही नहीं, 2025-26 का बजट



भी दो महीने बाद फरवरी में आना है। इसके अलावा, ये नतीजे 2025 में बिहार-दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनावों पर भी असर डाल सकते हैं। बिहार में भाजपा का सियासी भविष्य नीतीश कुमार के हाथों में है। अडाणी मुद्दे पर कांग्रेस जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की मांग उठा चुकी है। मणिपुर में फिर हिंसा भड़कने और वहां पीएम के नहीं जाने से सरकार पहले से ही बचाव की मुद्रा में है। वक्फ विधेयक जैसे संवेदनशील मुद्दे से पार पाना सरकार के लिए चुनौती है, क्योंकि इस पर सहयोगी दलों के विचार एक नहीं हैं। सूत्रों का कहना है, नतीजे अगर अनुकूल न हुए तो सहयोगी दलों की उन मांगों पर भी तुरंत ध्यान देना होगा, जिस पर सरकार बाद में विचार कर सकती थी। एग्जिट पोल की 'परीक्षा'... लोकसभा व हरियाणा चुनाव में गलत साबित हो चुके महाराष्ट्र पोल ऑफ पोल्स के मुताबिक, 288 में से 150 सीटें भाजपा+ और 125 कांग्रेस+ को मिलने का अनुमान है।

## उचित मुआवजा दिए बिना भूमि अधिग्रहण मंजूर नहीं: न्यायालय

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उचित मुआवजा दिए बिना सरकार को लोगों की भूमि अधिग्रहण करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि हालांकि संपत्ति का अधिकार अब मौलिक अधिकार नहीं है, लेकिन यह अब भी एक संवैधानिक अधिकार है। शीर्ष अदालत ने हिमाचल प्रदेश सरकार और अन्य की याचिकाएं खारिज कर दीं, जिनमें संबंधित उच्च न्यायालय के इस फैसले को चुनौती दी गई थी कि सरकार मुआवजा दिए बिना लोगों की भूमि पर कब्जा नहीं कर सकती। शीर्ष अदालत ने कहा, हालांकि संपत्ति का अधिकार अब मौलिक अधिकार नहीं माना जाता, लेकिन यह अब भी एक संवैधानिक अधिकार है। उचित मुआवजा दिए बिना सरकार को लोगों की भूमि अधिग्रहण करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। पीठ ने कहा कि उसके सामने ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा पारित उन आदेशों को चुनौती दी है।

# यह जीत आपकी जीत है, वायनाड उपचुनाव में जीत के बाद प्रियंका गांधी ने जनता का जताया आभार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के सत्यन मोकेरी को 4.1 लाख से अधिक मतों के अंतर से हराकर अपनी पहली चुनावी जीत दर्ज की। यह जानकारी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़े से मिली। प्रियंका को 6,22,338 वोट मिले जो इस वर्ष अप्रैल में लोकसभा चुनाव में वायनाड में उनके



भाई राहुल गांधी को मिले 6,47,445 मतों से कम हैं। हालांकि वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कम मतदान होने के बावजूद प्रियंका गांधी की जीत का अंतर 4,10,931 रहा जो कि राहुल गांधी की 3,64,422 मतों के अंतर से अधिक है। वायनाड में 14 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं। इस वर्ष अप्रैल में हुए लोकसभा चुनाव में यहां करीब 74 प्रतिशत मतदान हुआ था, लेकिन नवंबर में हुए उपचुनाव में मतदान प्रतिशत घटकर 65 प्रतिशत रह गया था। वायनाड में 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की एनी राजा ने 2,83,023 मतों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था

## नीतीश ने मीठापुर में निर्माणाधीन बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण

**पटना ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मीठापुर में निर्माणाधीन बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय तथा बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ. प्रतिमा एस. वर्मा तथा भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने परियोजना के संबंध में रेखाचित्र के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतीकरण एवं रेखाचित्र के माध्यम से बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार के बालक एवं बालिकाओं को उच्च स्तर की तकनीकी शिक्षा प्रदान करने हेतु 27 जुलाई 2022 को बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की गई तथा इसके भवन के निर्माण हेतु मीठापुर, पटना में 05 एकड़ भूमि आवंटित की गई।

# आठ बांग्लादेशी भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार

**त्रिपुरा ( एजेंसी )।** भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले आठ बांग्लादेशी नागरिकों को हैदराबाद जाते समय त्रिपुरा के एक रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खोवाई जिले के तेलियामुरा रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर के सामने संदिग्ध गतिविधि देखकर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की एक संयुक्त टीम ने पूछताछ के लिए चार पुरुषों और चार महिलाओं को हिरासत में लिया। तेलियामुरा जीआरपी के प्रभारी अधिकारी गौतम देबबर्मा ने बताया, ''पूछताछ के दौरान पता चला कि वे आजीविका की तलाश में हैदराबाद जाने वाले थे। चूंकि वे भारतीय क्षेत्र में अवैध रूप से घुसे थे, इसलिए उन्हें तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया।



उन्होंने बताया कि आरोपियों को रिमांड पर लेने के लिए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। देबबर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने पुलिस को बताया कि वे बृहस्पतिवार को गोमती जिले के कारबुक में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर आए थे और उन्होंने जंगल में रात बिताई थी। उन्होंने कहा, ''वे सुबह-सुबह दो वाहनों से स्टेशन पहुंचे। मामले में जांच की जा रही है।

# महाराष्ट्र में महायुति की प्रचंड जीत, सीएम शिंदे ने कहा- मेरे लिए सीएम का मतलब कॉमन मैन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में महायुति शिवसेना-शिंदे गुट, और अन्य सहयोगी दलों) ने शानदार जीत दर्ज की है। इस जीत के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने राज्य के मीडिया के सामने आकर अपनी प्रतिक्रिया दी और जनता का धन्यवाद किया। महायुति के नेताओं ने विक्ट्री साइन दिखाते हुए यह स्पष्ट किया कि यह जीत राज्य की जनता की जीत है और अब उनकी जिम्मेदारी पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सबसे पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संबोधित किया। उन्होंने कहा, यह महायुति के लिए ऐतिहासिक और रिकॉर्ड जीत है।

हम महाराष्ट्र की जनता के आभारी हैं जिन्होंने हमें अपना आशीर्वाद दिया और हमें विश्वास में लिया। हम उन सभी बाधाओं को हटाने में सफल रहे हैं, जो महाविकास अघाड़ी सरकार के दौरान राज्य में उत्पन्न हुई थीं। जनता ने यह चुनाव अपने हाथों में लिया और हमारे ऊपर अपना विश्वास जताया। शिंदे ने आगे कहा, हमारी सरकार आम जनता की सरकार है। मेरे लिए मुख्यमंत्री का मतलब चीफ मिनिस्टर नहीं, बल्कि कॉमन मैन है।

हम आम लोगों की समस्याओं को समझते




हुए, उनके लिए काम करेंगे। हमारी सरकार महिलाओं, बच्चों और किसानों के कल्याण के लिए समर्पित रहेगी। हम चाहते हैं कि हर आम आदमी को सुपरमैन जैसा महसूस हो, ताकि उनका जीवन बेहतर हो। डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, यह जीत सिर्फ महायुति की नहीं, बल्कि महाराष्ट्र की जनता की जीत है। हमें यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मिली है और यह जनता के विश्वास का प्रतीक है। हम महाराष्ट्र की जनता के आगे नतमस्तक हैं। इस जीत ने हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ा दी है। हम राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। फडणवीस ने राज्य की जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह चुनाव यह साबित करता है कि महाराष्ट्र के लोग अच्छे शासन की ओर देख रहे हैं और उनकी उम्मीदों पर महायुति खरा उतरेगी। हम सभी दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी से निभाएंगे, उन्होंने कहा। डिप्टी सीएम और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, यह जीत महायुति के लिए गर्व का पल है। हमें इस जीत के लिए अपनी जिम्मेदारी और भी बढ़ी हुई महसूस हो रही है। हम महाराष्ट्र में वित्तीय अनुशासन लाएंगे, ताकि विकास के सभी वादे पूरे हो सकें। अजित पवार ने %लड़की हूं, लड़ सकती हूं% योजना को %गेम चेंजर% बताया और कहा, यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अहम साबित हुई और इसने हमारी कठिनाइयों को दूर किया। उन्होंने कहा, कई लोग जो ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के मुद्दे पर सवाल उठा रहे थे, उन्हें यह याद रखना चाहिए कि हमें लोकसभा चुनाव में भी ईवीएम से ही हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे लोग अब शून्य हो गए हैं और उन्हें अपनी हार का जवाब मिल चुका है।

# अब इस चैनल पर एशिया कप के सभी मैच देखे जाएंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप को लेकर बड़ा अपडेट आया है। दरअसल, एशिया कप का पिछला सीजन 2023 में खेला गया था, जो स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के जरिए टीवी पर लाइव प्रसारित किया गया था।

अब 2031 तक एशिया कप के सभी मैच दूसरे चैनल पर देखने को मिलेंगे। एशिया कप के लिए एशियाई क्रिकेट काउंसिल का बड़ा फैसला है। इस करार में बात सिर्फ एशिया कप तक सीमित नहीं रही, बल्कि एशियाई क्रिकेट काउंसिल के सभी मैच 2031 तक सोनी नेटवर्क पर आएंगे। इस सौदे में पुरुष और महिला एशिया कप, पुरुष और महिला अंडर-19 एशिया कप और पुरुष और महिला इमर्जिंग टीम एशिया कप के सभी सीजन शामिल हैं। इस दौरान चार पुरुष एशिया प होने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एशियाई क्रिकेट काउंसिल और सोनी नेटवर्क के बीच ये डील 170 मिलियन डॉलर यानी 1.433 करोड़ रुपये में हुई। 2016 से 2023 तक के पिछले मीडिया राइट्स 100 मिलियन डॉलर में बिके थे। इस तरह इस बार 70 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली। बता दें कि, टीम इंडिया के पास सबसे ज्यादा एशिया कप जीतने का रिकॉर्ड मौजूद है। मेन इन ब्लू ने अब तक कुल आठ बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। एशिया कप का सबसे पहला एडीशन 1984 में खेला गया था, जिसमें टीम इंडिया ने जीत दर्ज की थी।

# भारतीय टीम की हर खिलाड़ी को 10-10 लाख देगी बिहार सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने बिहार के राजगीर में दीपिका के गोल की बदौलत चीन के खिलाफ फाइनल में 1-0 से जीत हासिल कर तीसरी बार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती। साउथ कोरिया के साथ भारत अब इस टूर्नामेंट का सबसे ज्यादा 3 बार खिताब जीतने वाला देश है। महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारत ने 7 में से 6 मैच में क्लीन शीट हासिल की। बिहार सरकार ने भारतीय महिला हॉकी टीम की हर खिलाड़ी को 10 लाख रुपये का पुरस्कार देने का फैसला किया। फाइनल मैच के बाद जारी बयान में कहा गया कि, टीम की हर खिलाड़ी को टूर्नामेंट के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 10 लाख रुपये मिलेंगे। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को 10 लाख, जबकि अन्य सहयोगी स्टाफ को 5-5 लाख रुपये भी मिलेंगे। सीएम कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने भारतीय टीम के खेळ की सराहना की, खासतौर चीन के साथ फाइनल मैच के दौरान। ये बिहार में भारतीय महिला हॉकी टीम की ऐतिहासिक जीत है, जहां पहली बार इस तरह का टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इसने हर भारतीय के दिल को गर्व से भर दिया है। टीम की सभी खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया और बहुत अनुशासित तरीके से खेला। लाइव खेल ऑनलाइन देखें सीएम ने अपने बयान में कहा कि, ये जीत सभी भारतीयों के लिए गर्व और गौरव की बात है। सभी टीम सदस्यों को मेरी हार्दिक बधाई। बाद में मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि, राज्य सरकार विजेता टीम की सभी सदस्यों और मुख्य कोच को 10-10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देगी। टीम के सहयोगी स्टाफ के हर सदस्यो को 5-5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।



# आईपीएल नीलामी कितने बजे होगी शुरू?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल के 18वें सीजन का आगाज होने से पहले मेगा नीलामी होगी। जिसका आयोजन 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में होगा। यहां जानें नीलामी कितने बजे शुरू होगी और कहां आप लाइव देख सकेंगे? दरअसल, आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के लिए कुल 574 खिलाड़ियों का चुना गया है। इसमें 366 भारतीय जबकि 208 विदेशी प्लेयर्स शामिल हैं। हालांकि, नीलामी में सिर्फ 104 खिलाड़ी ही बिक सकेंगे। बाकी सभी अनसोल्ड जाएंगे। अक्टूबर के आखिर तक सभी टीमें अपने अपने रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर चुकी हैं। वहीं आईपीएल 2025 की नीलामी के लिए 13 देशों के कुल 574 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसमें स्कॉटलैंड का एक और जिम्बाब्वे के 3 खिलाड़ी भी शामिल हैं। जबकि इस मेगा ऑक्शन में 81 खिलाड़ियों की बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये हैं, तो 27 खिलाड़ियों की बेस प्राइस 1.50 करोड़ रुपये है। इस लिस्ट में 18 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनकी बेस प्राइस 1.25 करोड़ रुपये है। आईपीएल 2025 की नीलामी के लिए 13 देशों के कुल 574 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसमें स्कॉटलैंड का एक और जिम्बाब्वे के 3 खिलाड़ी शामिल हैं। इस मेगा ऑक्शन में 81 खिलाड़ियों की बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये हैं, जबकि 27 खिलाड़ियों की बेस प्राइस 1.50 करोड़ रुपये है। वहीं इस लिस्ट में 18 खिलाड़ी ऐसे हैं। जिनकी बेस प्राइस 1.25 करोड़ रुपये है।

# जीत के साथ 'मिशन लॉस एंजिलिस 2028' का आगाज किया भारतीय महिला हॉकी टीम ने




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की युवा और पहले से फिट महिला हॉकी टीम ने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब बरकरार रखकर 'मिशन 2028 लॉस एंजिलिस' अभियान का आगाज किया। भारत की पुरूष जूनियर टीम को लखनऊ में 2016 में विश्व कप जिता चुके अनुभवी कोच हरेंद्र सिंह और इस टीम के लिये यह नयी शुरूआत है।

राजगीर (बिहार)। पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई नहीं कर पाने के गम को भुलाते हुए भारत की युवा और पहले से फिट महिला हॉकी टीम ने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब बरकरार रखकर 'मिशन 2028 लॉस एंजिलिस' अभियान का आगाज किया। भारत की पुरूष जूनियर टीम को लखनऊ में 2016 में विश्व कप जिता चुके अनुभवी कोच हरेंद्र सिंह और इस टीम के लिये यह नयी शुरूआत है। अप्रैल में टीम के साथ फिर जुड़ने के बाद से हरेंद्र का एक ही लक्ष्य है ...लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिये क्वालीफाई करना। उनका मानना था कि एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जीतकर विश्व कप 2026 और ओलंपिक 2028 की तैयारियों की सही शुरूआत की जा सकती है।

चीन पर फाइनल में 1 . 0 से मिली जीत के बाद कप्तान सलीमा टेटे ने कहा ,'' मुझे पूरा विश्वास है कि इस जीत से अधिक से अधिक लड़कियों को हॉकी खेलने की प्रेरणा मिलेगी। मुझे खुशी है कि हम अपने देश को और प्रशंसकों को इस जीत का तोहफा दे सके।'' हरेंद्र का फोकस भारतीय टीम की फिटनेस का स्तर सुधारने पर रहा है और इस टूर्नामेंट में उसकी बानगी भी देखने को मिली कि खिलाड़ियों ने वाकई इस पर काफी मेहनत की है। सलीमा ने कहा ,'' हम इस जीत का जश्न मना रहे हैं लेकिन हमारे लक्ष्य दीर्घकालिन है। हमें रोज कड़ी मेहनत करनी है और हर टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। हम भारत का परचम हर टूर्नामेंट में लहराना चाहते हैं।''

भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में सभी सात मैच जीते। सबसे अच्छी बात दोनों फ्लैंक से आपसी तालमेल रही है। रक्षापंक्ति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ दो गोल गंवाये जबकि भारत ने टूर्नामेंट में 29 गोल किये जिसमें से 15 फील्ड गोल थे। इस टूर्नामेंट से कई सितारों का जन्म हुआ जिनमें 20 वर्ष की युवा स्ट्राइकर दीपिका शामिल है। दीपिका ने 11 गोल किये जिसमें चार फील्ड गोल थे। संगीता कुमारी ने चार, प्रीति दुबे, नवनीत कौर और लालरेम्सियामी ने तीन तीन गोल दागे। सत्रह वर्ष की सुनेलिता टोप्पो ने शानदार ड्रिबलिंग और फ्लैंक से दौड़ते हुए विरोधी डिफेंस को तहस नहस कर डाला।

उदिता, सुशीला चानू , ज्योति और नेहा गोयल ने दमदार प्रदर्शन किया। गोलकीपर सविता पूनिया और बिछू देवी खारीबम को ज्यादा मेहनत करनी ही नहीं पड़ी। लेकिन टीम के प्रदर्शन की एक कमजोर कड़ी पेनल्टी कॉर्नर रही। भारत को हर मैच में बेशुमार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन तब्दीली की दर बहुत कम रही। जापान के खिलाफ सेमीफाइनल में 16 पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए लिहाजा इस पर मेहनत करनी होगी। भारतीय महिला हॉकी के नये युग का सूत्रपात 12 से 26 जनवरी तक रांची में होने वाली चार टीमों की पहली महिला हॉकी लीग के जरिये होने वाला है। उससे ठीक पहले इस खिताबी जीत से देश में खेल को अच्छा प्रचार मिला है।

# पर्थ में यशस्वी जायसवाल ने केएल राहुल संग रचा इतिहास



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज ने यशस्वी जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले ही मैच में फिफ्टी ठोक दी। ये युवा बल्लेबाज शनिवार को बल्लेबाजी करने उतरा तो उन्होंने बहुत संयम और दिखाया। मैच के दौरान यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को स्लेज भी करते दिखे लेकिन भटके नहीं। साथ ही उन्होंने केएल राहुल के साथ बड़ा रिकॉर्ड भी कायम किया। यशस्वी जायसवाल ने 38वें ओवर की पहली गेंद पर सिंगल लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। ये जायसवाल का इस साल 10वां अर्धशतक है। जायसवाल ने 50 रन बनाने में 123 गेंद ली। हालांकि, उनके करियर का सबसे धीमा अर्धशतक था लेकिन इसकी अहमियत बहुत ज्यादा है। जायसवाल ने अपनी डिफेंसिव बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों का घमंड तोड़ा और फिर बेहतरीन शॉट्स से भी उन्हें जमकर परेशान किया। वहीं जायसवाल बल्लेबाजी के दौरान मिचेल स्टार्क को स्ले करते भी दिखे। पारी की शुरुआत में डिफेंसिव खेलते हुए जायसवाल ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को खूब परेशान किया। बेखौफ खेलते हुए स्टार्क को उन्होंने मिडविकेट के ऊपर से चौका लगाया। मैच के दौरान स्टार्क लगातार बाउंसर से अटैक कर रहे थे। इस बीच जायसवाल ने कहा कि, गेंद धीमी आ रही है, स्टार्क ये सुनकर हंसने लगे थे।

# आईपीएल ऑक्शन को लेकर ऋषभ पंत को नाथन लियोन ने छेड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत 5 मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो चुकी है। दोनों टीमों के बीच पर्थ में पहला टेस्ट खेला जा रहा है। जिसके पहले दिन गेंदबाजों का बोलबाला रहा। वहीं इस दौरान मैदान पर कई ऐसे किस्से भी हुए जब दोनों टीमों की तरफ से एक-दूसरे को स्लेज किया गया। अब भारत-ऑस्ट्रेलिया मुकाबले के दौरान ऐसा ना हो वो कैसे हो सकता है। खैर इस टेस्ट के पहले दिन पहली पारी में जब ऋषभ पंत बल्लेबाजी कर रहे थे तो उस दौरान नाथन लियोन ने उन्हें स्लेज करके उनका ध्यान भटकाने की कोशिश की। नाथन लियोन और ऋषभ पंत के बीच जो मजेदार बात हुई तो आईपीएल 2025 की नीलामी को लेकर हुई। इस बार आईपीएल 2025 की नीलामी 24 और 25 नवंबर तो जेद्दा में किया जाएगा। इस नीलामी को लेकर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भी उत्साहित हैं और उनका भी ध्यान उधर ही लगा है और ऐसा लियोन की बात से समझ में आया। हालांकि, लियोन आईपीएल नीलामी का हिस्सा नहीं होंगे।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में तिलक वर्मा का बेहतरीन प्रदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इतिहास रच दिया है। उन्होंने मेघालय के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए शत लगाया। इसके साथ ही वह टी20 क्रिकेट में लगातार तीन शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए।



तिलक वर्मा ने इससे पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी दोनों मुकाबलों में शतक लगाए थे। तिलक वर्मा टी20 सीरीज में 150 से ज्यादा का स्कोर करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी भी बने। उन्होंने श्रेयस अय्यर के पिछले सर्वश्रेष्ठ स्कोर 147 को पीछे छोड़ दिया है। तिलक ने 67 गेंदों पर 14 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 151 रन बनाए। हैदराबाद के कप्तान तिलक वर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पहले मैच में मेघालय के खिलाफ महज 51 गेंद में अपना शतक पूरा किया। ये 10 दिन में तीसरा मौका था जब उन्होंने टी20 क्रिकेट में 3 अंकों का आंकड़ा पार किया। तिलक वर्मा मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आए। उन्होंने 28 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। संयोगवश साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में ही तिलक वर्मा टीम इंडिया के अपने साथी संजू सैमसन के बाद लगातार टी20 शतक बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने थे। 22 वर्षीय तिलक वर्मा ने अब तक कुल 92 टी20 मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 90 पारियों में 3,006 टी20 रन बनाए हैं इसमें उनके 4 शतक भी शामिल हैं।

# भारतीय गेंदबाजों के सामने पस्त हुए कंगारू बल्लेबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में गेंदबाजों का जलवा देखने को मिला। जहां भारत की पहली पारी 150 रन पर सिमटी तो ऑस्ट्रेलिया का बुरा हाल हुआ। ऑस्ट्रेलिया का अपने घर पर पहली पारी में इतना बुरा हाल 1947 के बाद पहली बार हुआ है। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 104 रन पर ढेर कर दिया। ये ऑस्ट्रेलिया का पहली पारी में अब तक सबसे छोटा स्कोर है। वहीं कुल मिलाकर चौथा सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले 1947 में ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 107 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई थी। 1947 के बाद ऑस्ट्रेलिया पहली बार पहली पारी में 107 से कम के स्कोर पर सिमटी है। जसप्रीत बुमराह ने 11वीं बार पारी के पांच विकेट लेने का कारनामा किया और कंगारू टीम पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन लंच के समय 104 रन पर ही ऑलआउट हो गई। जिससे भारत को 46 रन की बढ़त मिली। भारत के लिए बुमराह ने 30 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए जबकि हर्षित राणा को तीन और सिराज को दो विकेट की सफलता मिली। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को स्कोर सात विकेट पर 67 रन से आगे खेलते हुए 37 रन जोड़े। भारत ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे।



